वर्ष : 33 ▸ अंक : 196 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर हार्दिक शुभकमनाएं**

## महाराष्ट्र चुनाव के लिए अमित शाह ने सेट किया एजेंडा

# 2029 में बीजेपी अकेले बनाएगी सरकार : शाह

**अमित बृज । मुंबई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर मुंबई, ठाणे और कोंकण क्षेत्रों की समीक्षा बैठकें की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सभा में उत्साहित करते हुए एनडीए की महायूति गठबंधन की जीत का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में महायूति सत्ता में लौटेगी, जबकि 2029 में बीजेपी अकेले दम पर सरकार बनाएगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को यह भी आश्वासन दिया कि अगर पार्टी गठबंधन चुनाव जीतती है, तो वे महाराष्ट्र में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई का मैदान विपक्ष को सबक सिखाने वाला है और वहां पर वह विपक्षी नेतृत्व को साफ संदेश देंगे।



### कम मार्जिन वाली सीटों पर फोकस की सलाह

अमित शाह ने पार्टी की रणनीति पर बात की और बूथ स्तर पर काम करने से वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मुंबई में 2019 के लोकसभा चुनावों में कुछ सीटें सिर्फ पांच से दस हजार वोटों के अंतर से हारी गई थीं, जिन्हें इस बार बूथ स्तर पर मेहनत करके जीता जा सकता है। उन्होंने मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर योजना बनाकर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

### वार्डों को समूहों में बांटा, बताई स्ट्रैटेजी

अमित शाह ने वार्डों को 'ए', 'बी', 'सी' और 'डी' समूहों में बांटा है और बताया कि इससे पार्टी के परंपरागत मतदाताओं पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। इससे पहले, उन्होंने विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र की समीक्षा की थी। उन्होंने बताया कि मुंबई और कोंकण क्षेत्र की 75 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 28 सीटें जीती थीं और पार्टी का लक्ष्य इस बार 50 प्रतिशत से अधिक सीटें जीतने का है।

### विपक्षी दलों ने अमित शाह की मीटिंग पर क्या कहा?

इस बीच विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। उद्धव ठाकरे गुट के प्रवक्ता आनंद दुबे ने आरोप लगाया कि बीजेपी अपने सहयोगियों को गुलाम बनाना चाहती है और उसे सिर्फ सत्ता से मतलब है। वहीं, एनसीपी शरद पवार गुट के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा कि महायूति के लिए यह चुनाव मुश्किल होगा, और अमित शाह की बार-बार दौरे इस बात का संकेत हैं।

दायित्वनामा

## हे राम! यह कैसा नरपिशाच..!

**इंसान क्या हासिल करना चाहता है..!**



हाल ही में हाथरस में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक मासूम की बलि दिए जाने का दर्दनाक मामला सामने आया है। यह मामला है हाथरस के रसगवां गांव से क़रीब आधा किलोमीटर दूर स्थित डीएल पब्लिक स्कूल का।

22 सितंबर की रात में स्कूल के हॉस्टल से दूसरी क्लास का छात्र कृतार्थ कुशवाहा गायब हो गया। 23 सितंबर की सुबह 11 वर्षीय कृतार्थ की लाश प्रबंधक दिनेश बघेल की कार में मिली। उसने स्कूल की यूनीफॉर्म पहन रखी थी और उसका बस्ता भी कार में पड़ा था।



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

पुलिस कहना है कि स्कूल की तरक्की के लिए स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल, उनके पिता यशोदन बघेल, प्रिंसिपल लक्ष्मण सिंह और स्कूल परिसर में रहने वाले दो शिक्षकों ने मिलकर कृतार्थ कुशवाहा की बलि दे दी। 65 वर्षीय यशोदन बघेल की पहचान आसपास के गांवों में 'भगत जी' के रूप में है। वह सात साल पहले लकवा ग्रस्त होने तक झाड़-फूंक और 'भूत उतारने' का काम करते थे।

यह मामला पूरे समाज के लिए एक सवाल है। सवाल यह कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं। 21वीं सदी में अंग्रेजी माध्यम की बेहतर शिक्षा देने का दावा करने वाले स्कूल के शिक्षक व प्रबंधन की मति कैसे इतनी मारी गई कि उन्होंने एक बच्चे की जान ले ली। और वह भी स्कूल की तरक्की के नाम पर...!

यह घटना इंसान और इंसानियत पर एक दाग है। हम यहां इस दाग पर चर्चा नहीं करना चाहते। हम चर्चा कर रहे हैं कि इंसान का लालच और स्वार्थ उसकी बुद्धि को किस तरह नष्ट कर देता है। अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग कैसे मासूमों के हत्यारे बन बैठते हैं? आखिरकार इंसान क्या पाना चाहता है, जबकि हर इंसान को पता है कि वह ज्यादा से ज्यादा 80 वर्ष का जीवन पाएगा। सिर्फ मेरा, सिर्फ मुझे की भावना का इतना भी क्या अनियंत्रित हो जाना कि वह इंसानियत को भी भूल जाए!

कुछ लोगों का कलयुग को दोष देते हैं, पर कलयुग तो मानवता की सेवा में चरम भूमिका निभा रहा है। मनुष्य का जीवन सरल और बेहतर बनाने के लिए उसने हर ओर संसाधन बिखेर दिए हैं। दोष कलयुग का नहीं, मनुष्य में गहरे तक उतर गए स्वार्थ का है।

हमारे युग की समस्या है लालच का अत्यधिक बढ़ जाना। लालच ऐसी बला है कि यह इंसान को यह देखने नहीं देता कि उसके पास कितना है, क्या वह या उसका परिवार उन संसाधनों को आजीवन भोग कर समाप्त कर सकता है...! लालच इंसान को भोग और दान से दूर करता है, वह इंसान को ज्यादा और ज्यादा पा लेने की मृगतृष्णा में दौड़ाता रहता है। इंसान इस तृष्णा में इस कदर डूब जाता है कि वह यह देख ही नहीं पाता कि उसने अपनी आत्मा की हत्या कर डाली है।

हम अपना दायित्व समझते हैं कि इस पतन की ओर गिरते समाज को आगाह करें। इस भयावह घटना के माध्यम से सभी को सचेत करें कि यदि मनुष्य अपने लालच पर नियंत्रण नहीं कर पाएगा तो यह युग जो सभी युगों से बेहतर है, सिर्फ़ मनुष्य की कुत्सित भावनाओं और कर्मों के कारण बदनामी झेलता रहेगा।

जब तक मनुष्य अपने स्वार्थों और लालच पर नियंत्रण नहीं रख पाएगा, तब तब इंसानियत की बलि चढ़ती रहेगी। यह घटना इंसानियत की नहीं पैशाचिक है, और हम शर्मसार हैं...!

## अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली

**सीएम शिंदे ने गोविंदा से की बात, डॉक्टर्स को दिए निर्देश**

**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। अभिनेता का उपचार कर रहे डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि गोविंदा (60)निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और कुछ दिनों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को एक्टर और शिवसेना नेता गोविंदा से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने गोविंदा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि गोविंदा को उनके ठीक होने के दौरान सर्वोत्तम संभव देखभाल मिले। सीएमओ ने एक बयान भी जारी किया, जिसमें लिखा है कि मैंने गोविंदा से संपर्क किया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैंने राज्य सरकार और जनता की ओर से उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। गोविंदा और उनके परिवार को इस कठिन समय में सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है।

## मानहानि केस : राहुल गांधी को नया समन

**सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़ा है मामला**



**राजा आदाटे । मुंबई**

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में तलब किया है। नासिक की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल कडुस्कर ने 27 सितंबर को राहुल गांधी को एक प्रक्रिया (समन/नोटिस) जारी किया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल कडुस्कर ने 27 सितंबर को पेश होने के लिए राहुल गांधी को एक प्रक्रिया (समन/नोटिस) जारी किया।

### नोटिस में क्या लिखा था?

नोटिस में कहा गया कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया मानहानिकारक लगता है। राहुल गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी फैसला होना बाकी है।

### 'जानबूझकर वीर सावरकर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया'

मामले में शिकायतकर्ता एक एनजीओ का निदेशक है, उन्होंने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में राहुल गांधी की तरफ से संबोधित एक संवाददाता सम्मेलन और नवंबर 2022 में कांग्रेस नेता द्वारा दिया गया एक भाषण भी देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने दोनों मौकों पर अपने शब्दों और दृश्य प्रस्तुतियों से जानबूझकर वीर सावरकर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और समाज में उनकी छवि को बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने आगे कहा, 'प्रेस बयानों के साथ आरोपी का भाषण शिकायतकर्ता के आदर्श स्वातंत्र्यवीर सावरकर की प्रतिष्ठा और स्वतंत्रता-पूर्व काल में उनके नेक कार्यों के साथ-साथ समाज में उनके योगदान को बर्बाद करने की कोशिश करता है।'

### स्कूल बस में लगी आग, 25 स्टूडेंट्स की मौत

**बैंकॉक।** थाइलैंड में एक स्कूल बस में आग लगने से 25 छात्रों की मौत हो गई है। बस में 44 लोग सवार थे, जिनमें से 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल रेस्क्यू वर्कर्स बाकी बच्चों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आई है।

## शुरू नहीं हो पाया कांग्रेस से चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों का इंटरव्यू

**धीरज सिंह । मुंबई**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए लगभग दो हजार के करीब आवेदन मिले हैं। पार्टी द्वारा तय किए गए 25 नेताओं को चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों का मंगलवार से इंटरव्यू लेना शुरू करना था, लेकिन ज्यादातर जिलों में यह प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। खबर है कि बुधवार से चुनाव लड़ने वाले इच्छुकों को इंटरव्यू के लिए कॉल जाने शुरू हो जाएंगे। उसके बाद ही इंटरव्यू की शुरुआत होगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नितिन राऊत को वर्धा और यवतमाल जिलों के इच्छुक उम्मीदवारों के इंटरव्यू की जिम्मेदारी मिली है। राऊत ने कहा कि मुझे दो जिलों में जाकर इच्छुक उम्मीदवारों का इंटरव्यू करना है, लेकिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चार और पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे, इसलिए वह उम्मीदवारों के इंटरव्यू 5 अक्टूबर के बाद ही शुरू करेंगे। वहीं छत्रपति संभाजीनगर की जिम्मेदारी पूर्व विधायक वजाहत मिर्जा को मिली है। मिर्जा ने कहा कि वह फिलहाल मुंबई में हैं और अगले दो-तीन दिनों में संभाजीनगर पहुंचकर इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे।

### सतेज पाटील को मुंबई की जिम्मेदारी



वहीं पूर्व मंत्री सतेज (बंटी) पाटील को मुंबई की तीन लोकसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के साक्षात्कार की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन राहुल गांधी के कोल्हापुर दौरे के बाद ही वह इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि मुंबई की 36 लोकसभा सीटों पर जहां पार्टी को 200 से ज्यादा आवेदन मिले हैं, वहीं मुंबई को छोड़कर पूरे महाराष्ट्र से 1 हजार 688 इच्छुक उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने में दिलचस्पी दिखाई है। मुंबई की वर्सोवा विधानसभा सीट से पार्टी को राज्य में सबसे ज्यादा 28 आवेदन मिले हैं। जिस पर इच्छुक उम्मीदवारों में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

### कैसे होगा इंटरव्यू?

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि आवेदन करने वाले सभी इच्छुक उम्मीदवारों ने पार्टी के पास आवेदन भेजा है, उन सभी को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद उनसे राजनीति में उनके अनुभव, पार्टी के लिए उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं, क्या उन्होंने लोकल स्तर पर या राज्य स्तर पर चुनाव लड़ा है, टिकट मिला तो उनकी चुनाव लड़ने की तैयारी कैसी होगा? जैसे सवाल पूछे जाएंगे। इंटरव्यू लेने के बाद स्क्रूटनी करके रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के पास भेजी जाएगी। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता संभावित उम्मीदवार के बारे में फैसला करेंगे, जिस पर आलाकमान से भी सहमति ली जाएगी।

## एनसीपी के सिंबल विवाद में नई तारीख

**5 अक्टूबर को सुनवाई, शरद पवार ने की घड़ी को फ्रीज करने की मांग**

**दीपक पवार । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानभा चुनावों में क्या अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) घड़ी सिंबल पर चुनाव लड़ पाएगी? इसका फैसला अब पांच अक्तूबर को होगा। मंगलवार को इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस मामले में फैसले के नई तारीख तय कर दिया। पांच अक्तूबर को हरियाणा में वोट डाले जाएंगे। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव नतीजे आठ अक्तूबर को आने हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग 10 अक्तूबर से पहले महाराष्ट्र चुनावों का ऐलान कर सकता है। ऐसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग रखी थी। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर नई तारीख निर्धारित कर दी।

### क्या है शरद पवार गुट की मांग?



अपनी याचिका में शरद पवार ने मांग की थी। पार्टी के दोनों समूहों को एक समान तरीके से ट्रीट किया जाए। शरद पवार ने अपनी याचिका में कहा था कि एनसीपी का अजित पवार गुट विज्ञापनों में यह स्पष्टीकरण प्रकाशित करने पर चर्चा करने में विफल रहा कि उनका घड़ी चुनाव चिन्ह अभी भी न्यायिक जांच के अधीन है। शरद पवार गुट की मांग है कि घड़ी सिंबल फ्रीज कर दिया जाए। पिछली तारीख पर सुनवाई नहीं हो पाने पर सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने 1 अक्तूबर की तारीख तय की थी।

### पांच अक्तूबर को होगी सुनवाई

शरद पवार गुट ने राज्य में विधानसभा चुनावों को देखते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की थी। अजित पवार ने लोकसभा चुनाव घड़ी सिंबल पर ही लड़े थे। चुनावों की दहलीज पर खड़े महराष्ट्र में अगर सुप्रीम कोर्ट से फैसला अजित पवार के पक्ष में आता है तो ठीक है। अगर शीर्ष अदालत ने चुनाव चिन्ह को फ्रीज किया तो अजित पवार की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, क्योंकि उनके सामने नए चुनाव चिन्ह को लोकप्रिय बनाने की चुनौती होगी। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने घड़ी को फ्रीज किया तो उद्धव ठाकरे भी मांग कर सकते हैं।

**संघर्ष** मराठा और OBC कार्यकर्ताओं में हाथापाई, गाली-गलौज

# महाराष्ट्र में हिंसक हुई कोटे की लड़ाई

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे**

महाराष्ट्र में आरक्षण की लड़ाई में एक बार फिर मराठा कार्यकर्ता और ओबीसी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। इस बार मामला हिंसक हो चुका है और नौबत हाथापाई और गाली-गलौज तक पहुंच गई है। पुणे में मराठा समुदाय के सदस्यों ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ कथित तौर पर हाथापाई और गाली-गलौज की है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को कोंढवा के निकट हुई इस घटना को लेकर 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

### हाके के खिलाफ प्रदर्शन



सोशल मीडिया पर सामने आये एक वीडियो में मराठा समुदाय के लोग हाके के खिलाफ प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। मराठा समुदाय के लोगों ने दावा किया कि हाके नशे में थे और उनमें से कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज की। कोंढवा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमने ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ दुर्व्यवहार और हाथापाई करने के लिए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।' अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी हाके को पुलिस थाने में लाये और उनके नशे में होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि उनकी चिकित्सा जांच कराई जाये। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को कल देर रात भारी सुरक्षा के बीच ससून जनरल अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, 'हाके जांच कराने के लिए तैयार थे क्योंकि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों से मुक्त होना चाहते थे। जांच के नतीजे दो दिन में आ जाएंगे और उसके आधार पर हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे।'

### हत्या की साजिश : हाके

इस बीच, हाके ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और कहा कि पुलिस उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। पिछले सप्ताह हाके और उनके साथी ओबीसी कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वापस लेने के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग के वास्ते आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जालना में शुरू किया गया अपना अनशन स्थगित कर दिया था। जरांगे मराठा समुदाय के लिए ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

## मिड डे मील खाकर बीमार हुए करीब 38 छात्र, अस्पताल में भर्ती

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले में मिड डे मील खाने से स्कूली बच्चों के बीमार होने का मामला सामने आया है। मंगलवार को एक निजी स्कूल में मिड डे मील कार्यक्रम के तहत परोसा गया भोजन खाने के बाद 38 बच्चे बीमार पड़ गए। यह जानकारी नगर निगम के अधिकारियों ने दी है। अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दोपहर के भोजन के बाद बच्चों को चक्कर आने, जी मिचलाने, सिर दर्द और पेट में दर्द की शिकायत के बाद कलवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद सभी बच्चों का इलाज किया गया। फिलहाल, सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। जल्द ही सभी बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।



### नगर निगम के अधिकारी और पुलिस कर रही है जांच

वहीं, सूचना पर पहुंची नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय पुलिस ने जांच के लिए भोजन के नमूने एकत्र किए हैं। मामले को लेकर नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।



लोकतंत्र का काम करने के लिए ऊपरी ज्ञान नहीं, बल्कि सही शिक्षा की आवश्यकता होती है। - महात्मा गांधी

दोपहर 2
मुंबई, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

# महाराष्ट्र चुनाव से पहले हिंदुओं को साधने में जुटी महायुति

## 800 बुजुर्गों को कराएगी अयोध्या में रामलला के दर्शन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले महाराष्ट्र की महायुति सरकार राज्य के ज्यादा से ज्यादा वर्ग के लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। लाडली बहन, अन्नपूर्णा योजना के जरिए महिलाओं, मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के जरिए राज्य के बेरोजगार युवाओं को साधने की कोशिश के बाद सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए बुजुर्ग वोटरों को रिझाने में जुट गई है। राज्य सरकार ने सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग के मार्फत सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों को देश के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा कराएगी। समाज कल्याण विभाग की मुंबई की क्षेत्रीय उपायुक्त वंदना कोचुरे ने बताया कि योजना के तहत मुंबई शहर, मुंबई उपनगर और ठाणे जिले के 800 वरिष्ठ नागरिक 4 अक्टूबर को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्य के सभी धर्मों के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ स्थलों की यात्रा की इच्छा को पूरा करने के लिए 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' शुरू की गई है। इसमें भारत के कुल 73 और महाराष्ट्र के 66 तीर्थ स्थल शामिल हैं। योजना के तहत अयोध्या जाने के लिए मुंबई शहर जिले से 150, मुंबई उपनगर जिले से 306 और ठाणे जिले से 471 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पहले चरण में मुंबई शहर, मुंबई उपनगर और ठाणे जिले से 800 वरिष्ठ नागरिक अयोध्या जाएंगे।

### ऐसा होगा कार्यक्रम

विशेष ट्रेन 4 अक्टूबर 2024 को दोपहर 1.30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई से रवाना होगी और 8 अक्टूबर 2024 को अयोध्या से मुंबई वापस आएगी।

### यहां जाना चाहते हैं लोग

योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक दीक्षाभूमी नागपुर, अजमेर, महाबोधी मंदिर गया, शेगाव, पंढरपुर इन तीर्थ क्षेत्रों की यात्रा करना चाहते हैं। इसके लिए मुंबई विभाग के मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर, रायगड, रत्नागिरी व सिंधुदुर्ग जिलों से 2505 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सामाजिक न्याय विभाग ने अपील की है कि अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लेने के लिए सहायक आयुक्त, समाज कल्याण विभाग कार्यालयों से संपर्क करें।

# शिवनेरी ई-बस देगी एयर होस्टेज की फील

## एसटी महामंडल अध्यक्ष गोगावले ने की घोषणा



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई-पुणे मार्ग पर चलने वाली एसटी की ई-शिवनेरी बसों में अब एयर होस्टेस की तरह शिवनेरी सुंदरी होगी, जो यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करेंगी। हालांकि टिकट के दामों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसका फैसला एसटी महामंडल के अध्यक्ष भरत गोगावले ने लिया है। मिली जानकारी अनुसार, हाल ही में हुई 304 वीं बैठक में विभिन्न विभागों के 70 से अधिक विषयों पर चर्चा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय आनंद दिघे की स्मृति में एसटी के 343 बस स्टेशनों पर 'आनंद आरोग्य केंद्र' नामक एक क्लिनिक खोला जाएगा, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण और दवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। बस स्टेशनों के यात्रियों के साथ-साथ सभी नागरिकों को यह दवाइयां बहुत ही मामूली दर पर दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित संस्थाओं को 400 से 500 वर्ग सेंटीमीटर जगह उपलब्ध करानी होती है। वहां संस्था को स्वास्थ्य परीक्षण क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब और दवा की दुकान शुरू करनी है और सेवाएं प्रदान करनी हैं।

### बनाए जाएंगे 2 नए आगार

चंद्रपुर जिले के मूल और अमरावती जिले के धरणी, जैसे आदिवासी क्षेत्रों में एसटी के नए आगार बनाए जाएंगे और इस आगार के बनने के बाद एसटी के आगारों की कुल संख्या 253 हो जाएगी।

### खरीदी जाएंगी 2500 बसें

इस बैठक में नई 2500 सादी बसों को खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने और 100 डीजल बसों को पायलट आधार पर इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने जैसे विभिन्न मुद्दों को मंजूरी दी गई।

### बस स्टैंड पर महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल

निगम के प्रत्येक बस स्टैंड पर उस क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूहों से नाममात्र किराया लेकर चक्रीय आधार पर 10X10 आकार का एक स्टॉल उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें वे स्थानीय पदार्थों को बेच सकती हैं।


# कार ने दो मोटरसाइकिल को मारी भयंकर टक्कर

## 3 घायल

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर में एक कार द्वारा दो मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद वह सड़क के 'डिवाइडर' से जा टकराई जिससे 3 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने आज इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि, यह घटना मसवान पुल पर रात करीब साढ़े आठ बजे हुई और कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### किसी की गिरफ्तारी नहीं



पुलिस ने यह भी बताया कि मामले में फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार करीब 20 से 25 वर्ष की उम्र के तीन व्यक्ति दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुल से गुजर रहे थे तभी पीछे से आ रही एक कार ने दोनों मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद कार एक 'डिवाइडर' से टकरा गई और पुलिस ने उसके चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।


# उल्हासनगर में सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

- ठाणे क्राइम ब्रांच टीम की छापेमारी
- महिला दलाल गिरफ्तार

## दो पीड़ित महिलाओ को कराया गया मुक्त

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

ठाणे सिटी क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल (एएचटीसी) ने गुप्त सूचना के आधार पर उल्हासनगर में एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में किरण राजदेव नाम की महिला को गिरफ्तार किया गया है और दो पीड़ित लड़कियों को देह व्यापार के जाल से मुक्त कराया गया है।



### PITA अधिनियम के तहत मामला दर्ज


आरोपी महिला पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और PITA अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। युवा पीड़ितों को सुरक्षा के लिए महिला सुधार गृह में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। यह छापेमारी ठाणे शहर अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी, पुलिस उप-निरीक्षक नीलेश क्षीरसागर, डी. के मार्गदर्शन में वी.चव्हाण, श्रद्धा कदम, डी. वाल्घुडे, डी. मोहिते, के. बी पाटिल, हर्षिता थोराट, पुनम खरात और किरण चांदेकर के द्वारा किया गया। ठाणे एएचटीसी की इस छापेमारी से उल्हासनगर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है।

### महिला पिछले दो-तीन साल से देह व्यापार के धंधे में सक्रिय

एएचटीसी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को मिली गुप्त सूचना मिली कि एक महिला दलाल उल्हासनगर में सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत कार बाजार, शांतिनगर परिसर में स्थित फाल्कन होटल के पास युवतियों को वेश्यावृत्ति के लिए ग्राहको को आपूर्ति करने के इरादे से आने वाली है। इस जानकारी के आधार पर एएचटीसी ठाणे शहर की टीम ने तत्काल कार्रवाई की और योजनाबद्ध जाल बिछाने के लिए फर्जी ग्राहको को भेजकर मौके से ठाणे एएचटीसी की एक टीम ने एक महिला किरण राजदेव को गिरफ्तार कर लिया। इस महिला के कब्जे से दो युवा पीड़ितों को भी मुक्त कराया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला पिछले दो-तीन साल से इस देह व्यापार के धंधे में सक्रिय है और कई युवतियों को देह व्यापार के दलदल में धकेलने का काम कर रही है।

# पटवारी ने मांगी 3 लाख रुपए की रिश्वत, मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | रायगढ़**



ठाणे से सटे रायगढ़ के सुधागढ़ में एक पटवारी के द्वारा तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगे जाने का मामला सामने आया है। ठाणे स्थित भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग द्वारा आज बताया गया है कि रायगढ़ जिले के सुधागढ़ तहसील में सजा नाडसर तथा वर्तमान में सजा बाघोशी के पटवारी पर शिकायतकर्ता से तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगे जाने पर रायगढ़ भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक विभाग द्वारा पाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता ने जिला रायगढ़ के सुधागढ़ तहसील के सजा नाडसर में निजी भूमि किराए (लीज) पर लेकर उस पर स्वयं का घर पेड़ पौधे लगाने तथा रास्ता निर्माण कराया था । सूचना मिलने पर आरोपी पटवारी उद्धव गुंजल ने उन्हें धमकाया कि उन्होंने अवैध रूप से,रास्ता निर्माण कराने के लिए साइड की मिट्टी हटाकर उत्खनन किया है, इसलिए उन पर दस लाख रुपए का जुर्माना किया जाएगा।

### मामले की जांच जारी

शिकायतकर्ता ने जब रायगढ़ ब्यूरो ने इसके बाद जानकारी दी थी। रायगढ़ ब्यूरो द्वारा अपनी जांच पड़ताल के बाद 7अगस्त 2024को दोपहर एक बजकर 15मिनट से पौने तीन के बीच सुधागढ़ तहसील में आरोपी पटवारी उद्धव गुंजल को रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार करने हेतू जाल बिछाया था, मगर शिकायतकर्ता के हाव भाव देखकर आरोपी पटवारी उद्धव गुंजल ने रिश्वत लेने से मना कर दिया था। इसके बाद रायगढ़ ब्यूरो ने पटवारी उद्धव सुदामा गुंजल के खिलाफ पाली पुलिस थाने में रिश्वत मांगे जाने का मामला दर्ज कराया है।

# गोरेगांव में डंपर-बाइक की टक्कर में छात्रा की मौत, पिता घायल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

गोरेगांव के फिल्मसिटी रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार डंपर और बाइक की टक्कर में 13 साल की एक छात्रा की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके घायल पिता को जोगेश्वरी स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गोरेगांव में स्थित सेंट जेवियर स्कूल की छात्रा अपने पिता के साथ बाइक से गोरेगांव स्कूल में जा रही थी। ओबेरॉय मॉल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइकसवार छात्रा की मौके पर मौत हो गई और पिता घायल हो गए। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। छात्रा के पिता को हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# उल्हासनगर शहर में एक सुसज्जित मराठी भवन का निर्माण हो : मनसे



**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर शहर के सिंधु भवन की तर्ज पर उल्हासनगर शहर में एक सर्वसुविधायुक्त मराठी भवन का निर्माण किया किये जाने को मांग मनसे द्वारा की गयी है इस भवनं में मराठी संस्कृति, मराठी भाषा, मराठी परंपरा के बारे में जानकारी और छत्रपति शिवाजी महाराज, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर, महात्मा फुले आदि के बारे में जानकारी मिल सके। इससे निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को लाभ होगा। साथ ही इस मराठी भवन में एक सुसज्जित थिएटर हो निसमे मराठी बच्चों को मराठी नाटकों के मंचन के लिए इसका लाभ मिल सके। उल्हासनगर में एक सर्वसुविधायुक्त मराठी भवन बनाने का प्रयास करते हुए मराठी भवन के लिए जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने मनसे की ओर से मनपा आयुक्त विकास ढाकने से भवन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

# मजदूरी मांगने पर गैरेज मैकेनिक की पिटाई, मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**




भिवंडी के मानकोली स्थित अंजूर पेट्रोल पंप के पास एक गैरेज मैकेनिक द्वारा मजदूरी मांगने पर गाड़ी मालिक ने उसकी जमकर पिटाई कर दी है।

पुलिस के अनुसार कलवा ठाणे के रहने वाले जसकरण जागराज सग्गू सिंग जिनकी भिवंडी के मानकोली स्थित अंजूर पेट्रोल पंप के पास अरुण कुमार एंड कंपनी के बाजू में सग्गू इंजीनियरिंग वर्कस नामक गैरेज है। उक्त गैरेज में मानकोली निवासी संतोष माली ने अपनी गाड़ी हायवा डंपर और जेसीबी रिपेयरिंग के लिए दिया था। गाड़ी का काम पूरा हो जाने के बाद कल दोपहर 1:30 बजे जब मैकेनिक ने गाड़ी मालिक से अपनी मजदूरी 46 हजार रूपये मांगे तो गाड़ी मालिक नाराज हो गया, और फिर दोनो में बहसबाजी होने लगी। जिसके बाद गाड़ी मालिक ने लोहे के पाइप से मैकेनिक के सिर पर वार कर दिया जिस में मैकेनिक घायल हो गया है। इस प्रकरण में नारपीली पुलिस ने गैरेज मैकेनिक जसकरण सिंग की शिकायत पर गाड़ी मालिक संतोष माली के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस हवलदार चौधरी कर रहे हैं।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाडी बंदर कोचिंग डिपो का किया निरीक्षण

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाडी बंदर कोचिंग डिपो, मुंबई का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उनके साथ मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुनील कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार पर जोर दिया गया।

## यात्री सुरक्षा और नवाचार पर विशेष ध्यान



### स्वच्छता व यात्री सुविधा में नवाचार

रेल मंत्री वैष्णव ने 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन-हाउस डिज़ाइन किए गए कचरा कलेक्टर जैसे नवाचारों के माध्यम से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के डिपो के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्टाफ सुविधाओं की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस की '14 मिनट की चमत्कारी' सफाई प्रक्रिया में उपयोग किए जाने वाले डायसन वैक्यूम क्लीनर सहित उन्नत सफाई उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया, जो यात्री सुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### अग्नि सुरक्षा व आपातकालीन तैयारी

रेल मंत्री को डिपो के भीतर अग्निशामक यंत्रों के प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किए गए एक नए विकसित ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरण अच्छी तरह से रखे गए हैं और आसानी से पहुंच योग्य हैं, जिससे यात्रियों को बेहतर तरीके से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक कुशल रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को अपनाने में वाडी बंदर डिपो के प्रयासों की सराहना करते हुए निरीक्षण का समापन किया। यात्रा के दौरान उजागर किए गए सुधार यात्री सुरक्षा और आराम बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### रखरखाव और प्रशिक्षण पर ध्यान दें

रेल मंत्री ने वंदे भारत स्टोर का दौरा किया, जहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए आवश्यक स्पेयर पार्ट्स संग्रहीत किए जाते हैं, जो समय पर मरम्मत और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने बेसिक ट्रेनिंग सेंटर का भी दौरा किया, जहां एलएचबी कोच प्रशिक्षण के लिए इन-हाउस मॉडल देखे गए, जो सुरक्षा और सेवा मानकों को और मजबूत करते हैं। व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए वीआर प्रौद्योगिकी के उपयोग को महत्व देना, तकनीकी मुद्दों को सुलझाने में कर्मचारियों की सतर्कता में सुधार करना और देरी को कम करना, समग्र यात्री अनुभव में सुधार करना।

### सुरक्षा और रखरखाव पर विशेष ध्यान

रेल मंत्री ने एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों में किए गए सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें स्प्रिंग विफलताओं को कम करने, यात्री आराम और सुरक्षा बढ़ाने के लिए टीपीयू रिंगों को शामिल करना शामिल है।

### सुरक्षा और सतर्कता के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी

निगरानी में एयर ब्रेक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम और समय पर रखरखाव के लिए FIBA (फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लिकेशन) सिस्टम जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे। ये प्रौद्योगिकियां पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा रही हैं। इसके अतिरिक्त, रेल मंत्री को कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के उपयोग और आईओटी-आधारित वास्तविक समय जल स्तर निगरानी प्रणालियों के एकीकरण के बारे में जानकारी दी गई, जो यात्रियों के लिए स्वच्छ पानी तक निर्बाध पहुंच की गारंटी देता है।

### यात्री सेवाएं और शिकायत निवारण

इंटीग्रेटेड डेटा सेंटर में रेल मंत्री वैष्णव ने यात्री शिकायतों से निपटने के लिए जिम्मेदार रेलवे सहायता टीम के साथ बातचीत की। उन्होंने यात्रियों की संतुष्टि बढ़ाने में योगदान करते हुए त्वरित और प्रभावी शिकायत समाधान प्रदान करने में उनके प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।


# 2 अक्टूबर को पत्रकार आनंद शुक्ला की मां की तेरहवीं



**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

20 सितंबर को पत्रकार आनंद शुक्ला की मां श्रीमती सरोज ओंकार नाथ शुक्ला का स्वर्गवास हो गया था जिनकी तेरहवीं भोज का कार्यक्रम 2 अक्टूबर को सुनिश्चित हुआ है इसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। 2 अक्टूबर 2024, शाम 5:00 से लेकर रात 10:00बजे तक सचखंड दरबार गुरुद्वारा, सी ब्लॉक रोड शहाड फाटक उल्हासनगर-1 में है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन। - महात्मा गांधी

**अनमोल विचार** कर्म ही पूजा है, और सेवा ही धर्म : लाल बहादुर शास्त्री

## नरभक्षण का दुर्लभतम श्रेणी का केस

# मां की हत्या के दोषी को मिली सजा-ए-मौत

### कढ़ाई में पकाकर खाए थे शव के टुकड़े

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कोल्हापुर अदालत के 2017 के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें एक व्यक्ति को अपनी मां की हत्या करने और और फिर शव के अंगों को खाने के लिए मौत की सजा सुनाई थी।



### कढ़ाई में पकाकर खाए अंग

जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि वह दोषी सुनील कुचकोरवी की मौत की सजा को बरकरार रखती है और कहा कि उसके सुधरने की कोई संभावना नहीं है। यह नरभक्षण का मामला है और क्रूरता की श्रेणी में आता है। हाई कोर्ट ने कहा कि दोषी ने न केवल अपनी मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंग - मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और आंत भी निकाल लिए और उन्हें कढ़ाई में पका रहा था।

### दोषी में नरभक्षण की प्रवृत्ति

उच्च न्यायालय ने कहा कि दोषी के सुधार की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि वह नरभक्षण की प्रवृत्ति का है। अगर उसे आजीवन कारावास दिया जाता है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है। दोषी कुचकोरवी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए फैसले की जानकारी दी गई।

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि आरोपी सुनील कुचकोरवी ने 28 अगस्त 2017 को कोल्हापुर शहर में अपने आवास पर अपनी 63 वर्षीय मां यल्लामा रामा कुचकोरवी की निर्मम हत्या कर दी थी। बाद में उसने शव को काटा और कुछ अंगों को कढ़ाई में तलकर खा लिया था।

## स्कूल के चेयरमैन और सेक्रेटरी को नहीं मिली अग्रिम जमानत



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र के बदलापुर में स्थित स्कूल के चेयरमैन और सेक्रेटरी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। इसी स्कूल में 2 नाबालिग बच्चियों के साथ अक्षय शिंदे नामक शख्स ने दुष्कर्म किया था जिसकी पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जस्टिस आरएन लड्ढा की एकल बेंच ने कहा कि प्रथम दृष्टया पता चलता है कति दोनों आरोपियों को 16 अगस्त से पहले मामले की जानकारी थी। लेकिन, उन्होंने पुलिस या स्थानीय अथॉरिटी को बताने के लिए उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि जिन्होंने यह झेला है वह नाबालिग हैं। जो ट्रॉमा उन्होंने सहा है उसका उनकी किशोरावस्था पर गहरा असर पड़ सकता है और उन्हें जीवन भर इन साइकोलॉजिकल जख्मों के साथ रहना पड़ सकता है। अदालत ने आगे कहा कि इस बात में कोई विवाद नहीं है कि जिन लोगों ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है वह स्कूल के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं।

### अदालत ने पूछे बड़े सवाल

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किए जाने में हुई देरी मुख्य रूप से इसलिए हुई क्योंकि चेयरमैन और सेक्रेटरी ने अपनी ओर से लापरवाही दिखाई जिसका कारण सिर्फ वही जानते हैं। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को किसी अपराध के बारे में कोई जानकारी है तो उसके बारे में पुलिस को बताना उसकी कानूनी जिम्मेदारी बनती है। अदालत ने आगे कहा कि स्कूल परिसर में सीसीटीवी फुटेज पहले दिन से मिसिंग है।

# आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है आरपीआई (ए)



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक है, इसको लेकर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, उनकी पार्टी आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता को बताया है कि उनकी पार्टी आरपीआई (ए) आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। आरपीआई (ए) महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी शामिल है। आरपीआई (ए) प्रमुख ने कहा कि सीट-बंटवारे की बातचीत चल रही है और उन्होंने अपनी पार्टी की मांगों के बारे में भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव से बात की।

### नगर निगम और रेलवे अधिकारियों के बीच हुई बैठक

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने 6 दिसंबर को डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्य तिथि की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मुंबई के संरक्षक मंत्री दीपक केसरकर से मुलाकात की। नगर निगम और रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

### 'आरपीआई को 8 से दस सीट मिलनी चाहिए'

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा, 'हमने उन्हें संदेश दिया कि आरपीआई (ए) को आठ से 10 सीटें मिलनी चाहिए। अकेले ये जीत संभव नहीं है, मुझे अपने गठबंधन सहयोगियों, भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर भरोसा है। आरपीआई (ए) का एक अलग वोट बैंक है और दलित समुदाय के कई लोग पार्टी के साथ हैं, इसलिए हमें सीट बंटवारे में हिस्सा मिलना चाहिए।' आठवले ने आगे स्पष्ट किया कि पार्टी केवल आठ से 10 सीटें मांग रही थी,अपनी ताकत बढ़ाने के लिए हर क्षेत्र में एक या दो सीटें आती हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। वर्तमान विधानसभा में, भाजपा 103 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, उसके बाद शिवसेना 40, राकांपा 41, कांग्रेस 40, शिवसेना (यूबीटी) 15, राकांपा (सपा) 13 और अन्य 29 हैं। कुछ सीटें खाली हैं।

# एमवीए में सीट शेयरिंग को लेकर नहीं बनी बात

### नाना पटोले और संजय राउत में हुई तीखी बहस

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महायुति और महाविकास आघाड़ी में बैठकों का दौर जारी हैं। महाविकास आघाड़ी की सीट शेयरिंग को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई थी। सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए महाविकास अघाड़ी की बैठक में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक के बाद माहौल गरमा गया। एमवीए के अंदरूनी सूत्रों ने खुलासा किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के बीच विदर्भ में सीट बंटवारे को लेकर बहस हो गई, जहां दोनों पार्टियां में ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व के लिए होड़ लगी हुई हैं। विदर्भ में कांग्रेस ने 45 से ज्यादा सीटों पर दावा किया है, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता ने कहा कि इससे शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के लिए 17 से भी कम सीटें बचेंगी, जो कि उनकी उम्मीदों से काफी कम है।

### विदर्भ को लेकर फंसा पेंच



बता दें कि विदर्भ क्षेत्र में 62 सीटें हैं और चुनावी माहौल में कथित बदलाव का हवाला देते हुए कांग्रेस बहुमत हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पार्टी ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में दस में से पांच सीटें जीतीं, जबकि उसने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद कांग्रेस उन सीटों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जहां उसे जीत की उम्मीद दिख रही है। सोमवार को महाविकास आघाड़ी के नेताओं की सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक सात घंटे तक चली। एमवीए के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक 125 से अधिक पर आम सहमति बन गई है, जबकि उत्तर महाराष्ट्र क्षेत्र में सीट बंटवारे को लेकर कोई समस्या नहीं है। वहीं नाना पटोले ने कहा कि हम जल्दबाजी में नहीं हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-**VII** के अंदर आर/सेंट्रल विभाग से 02 प्रस्ताव यानी कुल 2 प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी का वृक्ष प्राधिकरण/ मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-वृक्ष प्राधिकरण-विज्ञापन. सूचना **7 दिन - 25 से नीचे- डब्लू.एस.Z-VII - 58** पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में **dysg.ta@mcgm.gov.in** ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई **09/10/2024** के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी**
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता.
**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण**

पीआरओ/1488/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# नवरात्रि पर माता के भक्तों के लिए गुड न्यूज

### मुंबई मेट्रो हर दिन चलाएगी 12 एक्स्ट्रा ट्रेनें

दोपहर संवाददाता | मुंबई

3 अक्टूबर से मां दुर्गा की उपासना का त्योहार नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। ऐसे में होने वाले आयोजनों में शामिल माता के भक्तों की सुविधा को देखते हुए मुंबई मेट्रो ने 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच मेट्रो ट्रेनों की सेवाओं के विस्तार करने का ऐलान किया है।

इस दौरान हर दिन 15 मिनट के अंतराल के साथ 12 एक्स्ट्रा सर्विस को चलाया जाएगा। इस सुविधा के जरिए आधी रात में होने वाले उत्सवों में शामिल लोगों को वापसी के लिए सुविधाजनक और किफायती साधन मिलेगी। ये फैसला महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश के बाद आया है।

### 12 एक्स्ट्रा सर्विस का ऐलान




महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा जारी एक रिलीज के मुताबिक, 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच मौजूदा 282 डेली सर्विस की ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके साथ प्रतिदिन नवरात्रि के लिए 12 अतिरिक्त सर्विस चलाई जाएंगी, जिसका मतलब है कि डेली कुल 294 ट्रेनें चलाई जाएंगी। ये अतिरिक्त ट्रेनों की योजना अंधेरी पश्चिम से गुंडावली और गुंडावली से अंधेरी पश्चिम तक रात 11 बजे के बाद बनाई जाएगी।

### हर 15 मिनट के अंतराल में चलेगी मेट्रो

मुंबई मेट्रो ने बताया, कि नवरात्रि समारोह में भाग लेने वाले देर रात के यात्रियों की सुविधा के लिए, 7 अक्टूबर और 11 अक्टूबर, 2024 के बीच अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इन तिथियों के दौरान, 15 मिनट के अंतराल पर प्रतिदिन 12 अतिरिक्त यात्राएं संचालित की जाएंगी।


## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/ 2024 /52516 **सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा.** दिनांक : 26.09.2024

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

श्री गणेश एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भू.क्र. ७२३/ई (पार्ट), ७४६ (पार्ट) आणि ७५० (पार्ट), मौजे मुलुंड, सरोजिनी नायडू रोड, डपिंग रोड, मुलुंड (प), मुंबई ४०० ०८० या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, मुंबई यांचेकडील दि. २६/०७/२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

सदर संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण दि. **०७/१०/२०२४ रोजी, दुपारी १२.३० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम ॲप (Zoom App)** वर आयोजित केलेली आहे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन झुम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेतील इमारतीमधील एकूण ७९ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

झुम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/89010509157
Meeting ID : 89010509157
Passcode : 123456
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 26/09/2024

सही/-
(अरविंद जे. कांबळे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, मुंबई

**टिप :** १) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास दि. ०४/१०/२०२४ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ई-मेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.



## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/ 2024 /52498 **सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा.** दिनांक : 26.09.2024

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

श्री आदर्श एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भू.क्र. ७२३ / ई (पार्ट), ७४६ (पार्ट) आणि ७५० (पार्ट), मौजे मुलुंड, सरोजिनी नायडू रोड, डपिंग रोड, मुलुंड (प), मुंबई - ४०० ०८० या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, मुंबई यांचेकडील दि. २९.०७.२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

सदर संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण **दि. ०७/१०/२०२४ रोजी, दुपारी १२.०० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेली आहे.**

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन झुम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेतील इमारतीमधील एकूण १३ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

झुम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/89095701656
Meeting ID : 89095701656
Passcode : 123456
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 26/09/2024

सही/-
(अरविंद जे. कांबळे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, मुंबई

**टिप :** १) सोडतीसाठी पात्र (पती / पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास दि. ०४/१०/२०२४ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ई-मेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.



## झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/CO/OW/ 2024 /53370 **सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा.** दिनांक : 01.10.2024

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची नोटीस :-**

शिवपुरी प्रगती एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भू.क्र. ८४५ (पार्ट) ऑफ व्हिलेज मालाड (पुर्व), ता. मालाड, पिंपरी पाडा, राणी सती मार्ग, मालाड (पुर्व), मुंबई - ४०० ०९७ या संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट-२ व पुरवणी परिशिष्ट-२ मध्ये निवासी वापराकरीता पात्र झालेले ६२ झोपडीधारक आणि सशुल्क पुनर्वसनाकरीता पात्र झालेल्या ४८ झोपडीधारक असे एकूण ११० निवासी पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारत क्र. १ मध्ये सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, ( पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचेकडील दि. ०९/०७/२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये व मा. सहाय्यक निबंधक, सशुल्क (विशेष कक्ष), तथा सहकारी संस्था, मुंबई शहर, झोपुप्रा, मुंबई यांचेकडील दि. २३/०९/२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

सदर संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत क्र. १ मधील निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण **दि. १०/१०/२०२४ रोजी, सकाळी ११.३० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम ॲप (Zoom App)** वर आयोजित केलेली आहे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन झुम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेतील इमारत क्र. १ मधील एकूण ११० निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

झुम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/83884513205
Meeting ID : 83884513205
Passcode : 123456
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 01/10/2024

सही/-
(आर. एन.हळदे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-1), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

**टिप :** १) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास प्राधिकरणाकडे दि. ०९/१०/२०२४ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.



## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**टेली. नं.022-66405432, ई-मेल -eewest.msib@mhada. gov.in**

संदर्भ नं. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/93/2023-24

**ई- निविदा सूचना क्रमांक.93**

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई) कमरा नंबर 537, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा खुली निविदा /नियमित ई-निविदा 28 काम की संख्या के लिए बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में पीडब्ल्यूडी / म्हाडा / सीपीडब्ल्यूडी / सिडको / एमईएस / एमजेपी / एमआईडीसी / भारतीय रेलवे / बीपीटी / एमसीजीएम के साथ पंजीकृत ठेकेदारों या किसी सरकारी/अर्धसरकारी संगठन या ठेकेदार के अनुरूप उपयुक्त वर्ग में, वाया ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किया जा सकेगा महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in**, पर, बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा अनुसूची इस प्रकार है।


| क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि | क्र. | चरण विवरण | समय अवधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दस्तावेजों की बिक्री शुरू | 02/10/2024 सुबह 10.30 बजे | 2. | दस्तावेज बिक्री समाप्त | 09/10/2024 को दोपहर 03.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली खोलना | 11/10/2024 सुबह 03.05 बजे के बाद | 4. | मूल्य बोली खोलना | 11/10/2024 सुबह 10.30 बजे के बाद |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
Note.1 कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना देखें।
Note. 2 शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/853

हस्ता/
कार्यकारी अभियंता (डब्ल्यू),
एम.एस आई बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण



प्रार्थना मांगना नहीं है। यह आत्मा की लालसा है। यह हर रोज अपनी कमजोरियों की स्वीकारोक्ति है। प्रार्थना में बिना वचनों के मन लगाना, वचन होते हुए मन न लगाने से बेहतर है। - महात्मा गांधी



संपादकीय

## गांधी और पत्रकारिता

गांधी के पत्रकार रूप पर कम विचार किया गया है। तेईस वर्ष की अवस्था में 1893 में वे दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पहुंचे थे और एक सप्ताह बाद डरबन से प्रीटोरिया जाते हुए उन्हें ट्रेन से फेंका गया, पीटा गया। यह नस्ली भेद था, जो अंग्रेजों को दक्षिण अफ्रीका में ही नहीं, भारत में भी महंगा पड़ा। दक्षिण अफ्रीका में गांधी का प्रवास 21 वर्षों का था। एक प्रमुख हथियार के रूप में उन्होंने वहां से 'इंडियन ओपिनियन' का प्रकाशन 4 जून, 1903 से आरंभ किया। पहला संपादकीय 'हम स्वयं' (आवरसेल्वज) था। अहस्ताक्षरित, मगर गांधी द्वारा लिखित। इस अंक में ही गांधी ने अपना 'स्टैंड' साफ कर दिया था। इस अंक का प्रमुख लेख 'द ब्रिटिश इंडियंस इन साउथ अफ्रीका' गांधी ने लिखा था। 'इंडियन ओपिनियन' गुजराती, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में प्रकाशित होता था। दक्षिण अफ्रीका में गुजराती व्यापारियों और तमिल, हिंदी मजदूरों की संख्या अधिक होने के कारण इसका प्रकाशन गुजराती, तमिल और हिंदी में हुआ था। गांधी ने लिखा- 'इस समाचार पत्र की जरूरत के बारे में हमारे मन में कोई संदेह नहीं है। भारतीय समाज दक्षिण अफ्रीका के राजकीय शरीर का निर्जीव अंग नहीं है। उसे जीवित अंग सिद्ध करने के लिए यह पत्र निकाला गया है।' बाद में गांधी ने गुजराती में 'नवजीवन' (7 सितंबर, 1919 से) अंग्रेजी में 'यंग इंडिया' (8 अक्तूबर, 1919 से) और 'हरिजन' (11 फरवरी, 1933) का प्रकाशन आरंभ किया। गांधी के प्रेस संबंधी विचार आज के भारत में सभी पत्रकारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वे रिपोर्टरों और फोटोग्राफरों को छोड़कर प्रत्येक व्यक्ति की समानता में विश्वास रखते थे। उनके लिए प्रेस की स्वतंत्रता सर्वाधिक महत्वपूर्ण थी। 'प्रेस की स्वतंत्रता एक मूल्यवान विशेषाधिकार है, जिसका त्याग कोई देश नहीं कर सकता।' वे पश्चिम की पूर्व में भी समाचार पत्रों को जनता की बाइबिल, कुरान, जेंद-अवेस्ता और गीता सबको एक में देख रहे थे। हम कोई भी अखबार क्यों पढ़ें? गांधी ने कहा- 'हमें समाचार पत्र तथ्यों के अध्ययन के लिए पढ़ने चाहिए। उन्हें यह अनुमति नहीं देनी चाहिए कि वे हमारे स्वतंत्र चिंतन को समाप्त करें। स्वतंत्र भाषण, स्वतंत्र साहचर्य और स्वतंत्र प्रेस उनके लिए लगभग 'पूर्ण स्वराज' था।' (यंग इंडिया, 6 अक्तूबर, 1921 के अंक में) पत्रकारिता का वास्तविक कार्य क्या है? गांधी के अनुसार, यह कार्य जनमानस को शिक्षित करना है, न कि जनमानस को आवश्यक-अनावश्यक विचार-भंडार बनाना। 'इंडियन ओपिनियन' का प्रकाशन अपने समुदाय के सेवार्थ था। पत्र के प्रकाशन का व्यावसायिक लाभ से कहीं कोई संबंध-सरोकार नहीं था। शब्द की शक्ति में उनका दृढ़ विश्वास था। उनकी भाषा स्वच्छ, ग्राह्य, प्रभावशाली और पारदर्शी थी। एमवी कामथ ने लिखा है कि गांधी इस प्रकार लिखते थे कि प्रत्येक व्यक्ति उसे समझ सके। 'उनमें साहित्यिक महत्वाकांक्षा नहीं थी, पर उन्होंने जो भी लिखा, वह साहित्य है।' गांधी ने लिखा कि पत्रकारिता का एकमात्र उद्देश्य सेवा होना चाहिए। समाचार पत्र प्रेस एक बड़ी शक्ति है। वे नियंत्रित कलम और अभिव्यक्ति के पक्ष में थे। उन्होंने स्वीकारा है कि 'इंडियन ओपिनियन' के बिना सत्याग्रह असंभव था। बार-बार उन्होंने पत्रकारों के उत्तरदायित्व की याद दिलायी है और यह लिखा है कि अगर सरकार को अप्रसन्न करनेवाला कुछ प्रकाशित हो गया हो, तो भी संपादक को क्षमा नहीं मांगनी चाहिए। उनकी दृष्टि में संपादक का कद बड़ा था। बड़ा होना चाहिए भी। उनका यह प्रसिद्ध कथन है कि हम जो आज करते हैं, उस पर भविष्य निर्भर करता है। क्या वर्तमान भारतीय पत्रकारिता यह कर पा रही है?

# कभी मैली नहीं होगी गंगा, कभी नहीं मरेंगे गांधी



अमरेन्द्र यादव

युवा पत्रकार, लेखक



मैं ने गांधी को उतना नहीं पढ़ा, जितना मेरे ज्यादातर दोस्तों ने पढ़ा है। फिर भी जब कभी कोई गांधी की आलोचना करता दिखता है तब उस बहस में कूदने से खुद को रोक नहीं पाता। अपने आधे-अधूरे तर्कों से उन्हें डिफेंड करने की कोशिश करता हूं, जो कि कभी-कभी निहायत बचकाना होता है, क्योंकि गांधी को कोई क्या डिफेंड कर सकता है ? वैसे गांधी से अपने परिचय के बारे में कहूं, तो सभी भारतीय बच्चों की तरह बचपन से ही जानता था कि महात्मा गांधी हमारे राष्ट्रपिता हैं। साथ ही यह भी गांधी का निबंध परीक्षा में ज़रूर पूछा जाता है, तो गांधी का निबंध याद कर लिया ।

स्कूल में गुरु जी ने बताया था निबंध में गांधी जी का पूरा नाम उनके जन्म की तिथि, मृत्यु का दिन याद रखना बहुत ज़रूरी है सो मैंने वह रट लिया था। बाक़ी गांधी के बारे में शुरुआती ज्ञान कवि प्रदीप के गीत दे दी हमें आज़ादी बिना खड्ग बिना ढाल से


मिला था। यह गीत १५ अगस्त, २६ जनवरी और २ अक्टूबर को ज़रूर बजाया जाता था। ऐसे ही एक गांधी जयंती पर दूरदर्शन पर रिचर्ड एटेनबरो की फ़िल्म गांधी देख ली। उससे यह पता चला गांधी जी ने भारत से पहले दक्षिण अफ्रीका में अंग्रेज़ों से लोहा लिया था । सत्याग्रह और अपने अहिंसक आंदोलन से उन्होंने अंग्रेज़ों को भारत से जाने के लिए मजबूर किया। जब थोड़ा पढ़ने जितनी उम्र हुई तो पिता जी कहा करते थे, गांधी जी कभी झूठ नहीं बोलते थे। उन्हीं की तरह सदा सच बोलना चाहिए। तो मैंने गांधी की आत्मकथा ख़रीद ली। उनकी आत्मकथा तीन-चार बार पढ़ने की शुरुआत की, पर हर बार आधे से कम में ही बंद करके रख दिया। पिताजी ने ज़रूर वह किताब दो बार पढ़ डाली। इस बीच यहां-वहां कुछ लेख आदि ज़रूर पढ़ता रहा। तो मेरे गांधी इस सिलेक्टेड अध्ययन का नतीजा थे। आगे चलकर लगे रहे मुन्ना भाई में गांधी से मुलाक़ात हुई। तो उनके व्यक्तित्व के कुछ आयाम और जुड़ गए। हां, कई जगह गांधी जी के कोट्स, दुनिया भर के महान नेताओं द्वारा उनके लिए कही गई अच्छी बातें पढ़ता, सुनता रहा, जिससे गांधी के एक महा मानव होने की एक पुख़्ता तस्वीर बिना किसी प्रयास के बनती रही। इस बीच जब सूचना और संचार क्रांति अपने पीक पर पहुंची तब व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी ने गांधी के सिलेबस में कई बदलाव लाने चाहे, पर हर बार उनके चरित्र, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान आदि पर उठाए जानेवाले प्रश्नों को खारिज करता रहा। गांधी की छवि दिमाग़ में गंगा की तरह बन गई, जिसके बारे में पिताजी से बचपन से सुनता आया हूं,'गंगा का पानी कभी ख़राब नहीं होता।' तो यह रहे मेरे गांधी। उस व्यक्ति के गांधी, जिसने गांधी को उतना नहीं पढ़ा, उतना समझने की कोशिश नहीं की, जितना करना चाहिए था। क्या आज़ादी चरखा चलाने से मिल गई थी ? मैंने अपने गांधी के बारे में बताने के लिए इतने शब्द इसलिए ख़र्चे क्योंकि अभी संसद के हालिया मानसून सत्र में कुछ ऐसी बात हो गई, जिसमें गांधी की देश की आज़ादी में भूमिका पर दोबारा सवाल खड़े कर दिए गए। संसद के मानसून सत्र में विपक्ष के पास सरकार को घेरने के कई मुद्दे थे। सबसे बड़ा मुद्दा था सरकार द्वारा बिना किसी दूरगामी योजना के लॉकडाउन लगाना, जिससे देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई । करोड़ों मज़दूरों का रोज़गार छिन गया और न जाने कितने मज़दूर पैदल अपने गांव पहुंचने की कोशिश में रास्ते में ही मर गए। इसलिए क्योंकि सरकार द्वारा कहा गया कि उसके पास इसका कोई आंकड़ा नहीं है कि घर लौटते समय कितने मज़दूर मरे । ख़ैर, विपक्षी सांसदों द्वारा यह पूछे जाने पर कि सरकार के पास कोरोना से निपटने की क्या योजना थी ? क्या प्रधानमंत्री द्वारा ताली-थाली बजवाने से या दिए जलवाने से कोरोना का संक्रमण ख़त्म हो गया? इस तीखे तंजनुमा सवाल का जवाब ज़ाहिर है सरकार के पास नहीं था। फिर भी राज्यसभा में बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने ताली-थाली और दिए की तुलना गांधी जी द्वारा चलाए गए अहिंसक आंदोलन से कर दी। उन्होंने प्रधानमंत्री के इन लाजवाब नुस्खों पर उठे सवाल का जवाब एक और सवाल उठाते हुए दिया, क्या आज़ादी चरखा चलाने से मिल गई थी ?

ज़ाहिर है, यह वही सवाल है, जो उन लोगों द्वारा बीच-बीच में उठाए जाते रहे हैं कि गांधी द्वारा किया गया आंदोलन महज़ एक नौटंकी थी । अंग्रेज़ तो देश छोड़कर बस जाने ही वाले थे। वे बस सत्ता हस्तांतरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं का इस्तेमाल मोहरे के रूप में कर रहे थे ? अंग्रेज़ तो देश में अपने ख़िलाफ़ चल रहे हिंसक व सशस्त्र आंदोलन से घबरा गए थे। क्या गांधी का आंदोलन अंग्रेज़ों का एस्केप रूट था? क्या उनका सत्याग्रह और अहिंसा का रास्ता कमज़ोर था, जिससे अंग्रेज़ों को वाक़ई कोई फ़र्क़ नहीं पड़ा होगा ? जब अन्ना को बताया जाने लगा दूसरा गांधी इतिहास की जिन किताबों से मिले जवाब हमने लिखे थे, हाल के सालों में उन किताबों पर भी झूठी होने का ठप्पा लग गया था। बावजूद इसके गांधी का क़द लगातार इतना ऊंचा क्यों होता जा रहा है ? इसका जवाब है वर्ष २०११ में देश में हुआ लोकपाल आंदोलन । महाराष्ट्र के बजुर्ग गांधीवादी समाजसुधारक अन्ना हज़ारे को चेहरा बनाकर चले उस आंदोलन ने क्या कुछ नहीं बदल दिया। गांधी की ही तरह अहिंसक आंदोलन शुरू किया गया था । उन्हीं की तरह अन्ना हज़ारे ने सरकार द्वारा अपनी मांग न माने जाने तक आमरण अनशन शुरू किया था। उनके साथ-साथ पूरा देश सरकार के ख़िलाफ़ खड़ा हो गया था। अन्ना को दूसरा गांधी बताया जाने लगा। उनके आंदोलन को आज़ादी की दूसरी लड़ाई। सेना, पुलिस और बाकी कानूनी शक्तियां होने के बावूजद सरकार उस अहिंसक आंदोलन के सामने असहाय खड़ी थी। उसे अन्ना हज़ारे के आगे झुकना पड़ा। अन्ना के उस आंदोलन के बाद यूपीए सरकार क़रीब ढाई साल और चली, पर अंदर से पूरी तरह खोखली हो गई थी। उसकी विश्वसनीय ख़त्म हो चुकी थी। आगे वर्ष २०१४ के चुनाव में क्या हुआ, यह हम सबने देखा। अन्ना हज़ारे और जन लोकपाल की मांग का क्या हुआ, किसी को नहीं पता । पर सत्ता बदल गई । यह काम एक डमी गांधी को आगे लाकर किया गया। उसी रास्ते से किया गया, जिसका मज़ाक उड़ाते हुए संसद में सवाल पूछा जाता है। मैंने गांधी को नहीं देखा, उनको नहीं पढ़ा, पर गांधी के रास्ते पर चलकर क्या हो सकता है, यह हम सबने देखा। गांधी के व्यक्तित्व के आगे हमारे डमी गांधी कहीं नहीं ठहरते, इसी से हमें उस विराट व्यक्तित्व का अंदाज़ा लगा लेना चाहिए। जिसे मारने वाले लोग भी आज उसकी पूजा करने को मजबूर हैं। गांधी ज़रूरी हैं। गांधी मजबूरी हैं। आप गांधी को मार तो सकते हो। उन्हें मिटा नहीं सकते। ज़्यादा ज़रूरी है उनकी बातें याद रखना चलते-चलते पिताजी की एक और बात । हम लोग गंगा के पूरब की ओर रहने वाले लोग हैं। बंबई से जानेवाली रेलगाड़ी जब गंगा पुल से गुज़रती, तब पिताजी जेब से कुछ छुट्टे पैसे निकालकर हम बच्चों को दे देते। मां कहतीं गंगा मैया को चढ़ा दो। हम बिना कुछ सोचे-समझे बस श्रद्धापूर्वक पैसे फेंक देते। भले ही अब बचपन की तरह पैसे नहीं फेंकते पर अब भी गंगा पुल से रेलगाड़ी के गुज़रते समय मन श्रद्धा से भर जाता है। यही श्रद्धा गांधी के लिए भी है। उनके जन्म का दिनांक और हत्या की तिथि को याद रखने से भी ज़्यादा ज़रूरी है उनकी बातें याद रखना। आंख के बदले आंख न लेने की सीख। उनका दिखाया गया अहिंसा का रास्ता।

गांधी यह नाम हमेशा सकारात्मकता से भर देता है। यह उम्मीद देता है कि हम ख़ुद को बदल कर दुनिया बदल सकते हैं। तो यह रहे मेरे गांधी, जिनकी मैंने कभी तलाश नहीं की। वे ख़ुद अपनी लकड़ी टेकते हुए मेरी राह में आ जाते हैं। कुछ देर साथ चलते हैं, मैं उनको देख भर लेता हूं। वे दोबारा मेरी जेब में रखे नोट पर चुपचाप जाकर मुस्कुराने लगते हैं। यह कहते हुए मैं हूं मोहनदास करम चंद गांधी....

शख्सियत | महात्मा गांधी

## अहिंसा और सत्य के पुजारी




मोहनदास करमचंद गांधी, जिन्हें दुनिया महात्मा गांधी के नाम से जानती है, का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता और अहिंसा के सिद्धांत के प्रवर्तक थे। उनके पिता करमचंद गांधी पोरबंदर रियासत के दीवान थे, और उनकी मां पुतलीबाई धार्मिक और सरल स्वभाव की थीं, जिनका गांधी जी के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा।

गांधी जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पोरबंदर और राजकोट में प्राप्त की। 1888 में वे कानून की पढ़ाई के लिए लंदन गए और वहां से बैरिस्टर बनकर भारत लौटे। 1893 में गांधी जी एक कानूनी मामले के लिए दक्षिण अफ्रीका गए, जहां उन्हें रंगभेद और भेदभाव का सामना करना पड़ा। इस अनुभव ने उनके जीवन की दिशा बदल दी, और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के अधिकारों के लिए संघर्ष शुरू किया। यहीं पर उन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाया।1915 में गांधी जी भारत लौटे और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ सत्याग्रह और असहयोग आंदोलनों का नेतृत्व किया। 1920 में शुरू हुए असहयोग आंदोलन, 1930 में दांडी मार्च और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन गांधी जी के प्रमुख आंदोलनों में से थे। उनका उद्देश्य था ब्रिटिश हुकूमत से भारत को आज़ादी दिलाना, जो अंततः 15 अगस्त 1947 को प्राप्त हुई।गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और सादगी के सिद्धांतों पर आधारित था। उन्होंने हमेशा कहा, अहिंसा ही धर्म है, वही जीवन का मार्ग है। उनके विचार और आदर्श न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में प्रेरणा के स्रोत बने। उन्होंने धार्मिक सौहार्द, सामाजिक समानता, और आर्थिक स्वराज का संदेश दिया।30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा गांधी जी की हत्या कर दी गई, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी जीवित है। महात्मा गांधी ने न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाया, बल्कि दुनिया को यह सिखाया कि शांति और अहिंसा से भी बड़े से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

जीवन ऊर्जा | लाल बहादुर शास्त्रीः जन्म-2 अक्टूबर 1904 | जन्म

## कर्म ही पूजा है, और सेवा ही धर्म


लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। वह भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे और उनके नेतृत्व में भारत ने 1965 के भारत-पाक युद्ध में साहसिक जीत हासिल की। उनका निधन 11 जनवरी 1966 को ताशकंद में हुआ। शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प ने उन्हें एक प्रेरणास्रोत बनाया।



कठिनाइयों से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उनका सामना करना चाहिए। समाज सेवा का अर्थ दूसरों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करना है। कर्म ही पूजा है, और सेवा ही धर्म। जय जवान, जय किसान - यह नारा देश की ताकत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। किसान और जवान, दोनों ही देश की रीढ़ हैं। सच्चा नेता वही है जो अपने देशवासियों की भलाई के लिए सोचता है। ईमानदारी से किया गया हर काम सफलता की ओर ले जाता है। अनुशासन और कड़ी मेहनत किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है। देश की रक्षा के लिए सबसे बड़ा बलिदान ही सच्ची देशभक्ति है। देश के लिए जीना और मरना सबसे बड़ा धर्म है। सादगी ही सच्ची महानता है। सच्चा स्वतंत्र वही है, जो दूसरों को स्वतंत्रता का सम्मान दे। धैर्य और साहस ही जीवन की सबसे बड़ी शक्तियां हैं। देश का भविष्य उसी पर निर्भर करता है, जो अपने कर्तव्यों का पालन करता है। प्रगति और विकास के लिए मेहनत करना अनिवार्य है। सच्चा सुख वही है जो दूसरों की मदद करने में मिलता है।

हमारा उद्देश्य देश की गरीबी मिटाना होना चाहिए। समानता और बंधुत्व ही समाज की सच्ची नींव हैं। त्याग और समर्पण से ही सच्ची महानता प्राप्त होती है। संघर्ष से ही चरित्र का निर्माण होता है। नेता वही है जो अपने कर्मों से लोगों को प्रेरित करे। देश की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। संस्कार और शिक्षा से व्यक्ति का विकास होता है। अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलना ही सच्ची विजय है। हर देशवासी का कर्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति निष्ठावान रहे।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ की महिमा

(भाग 2)

भीष्म पितामह ने श्रीकृष्ण की बहुत सुन्दर स्तुति की; जिससे उन्हें अपने चारों ओरभीतर नारायण, बाहर नारायण, दायें नारायण, बायें नारायण, ऊपर नारायण, नीचे नारायण दिखाई दे रहे थे। नारायण के सिवाय उन्हें और कुछ नहीं दिख रहा था । अतिशय भक्ति में भक्त और भगवान एक हो जाते हैं । उनके हृदय में भूत, भविष्य और वर्तमान का समस्त ज्ञान प्रकट हो गया। उन्होंने बड़े उत्साह से युधिष्ठिर को धर्म के समस्त अंगों का उपदेश किया । सर्वत्र नारायण का दर्शन करते हुए सैंकड़ों ऋषि-मुनियों के बीच शरशय्या पर पड़े भीष्म पितामह उत्तरायण में भगवान में लीन हो गए और उन्होंने वैष्णव सालोक्य मुक्ति प्राप्त की। ऐसी सद्‌गति किसी को नहीं मिली।

**विष्णु सहस्त्रनाम के नित्य पाठ की महिमा**

विष्णु सहस्त्रनाम के नित्य पाठ करने की महिमा के बारे में कहा गया है कि



यह 'मेटत कठिन कुअंक भाल के।' प्रभु के नाम में ऐसी शक्ति है कि विधाता ने यदि किसी के भाग्य में यह लिखा है कि कुछ समय बाद उसको बहुत बीमारी आएगी; किन्तु ऐसा व्यक्ति अगर विष्णु सहस्त्रनाम के बारह हजार पाठ उचित रीति से करता है तो उसकी जन्म-कुण्डली का वह स्थान शुद्ध हो जाता है। उसे महारोग नहीं होता है । जो रोग उसे छह मास भोगना था, वह सब एकाध दिन में भोग कर उसके प्रारब्ध का विनाश हो जाएगा। इसीलिए सभी वैष्णवों को प्रातःकाल भोजन से पहले या रात्रि में सोने से पहले विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ अवश्य करना चाहिए । जीवन में सुख-दुःख का कैसा भी प्रसंग आ जाए, मनुष्य को अपने इस नियम को नहीं छोड़ना चाहिए।

विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने वाला मनुष्य कभी पराभव, दुर्गति को प्राप्त नहीं होता है, क्योंकि लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः ।
येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः
अर्थात्-जिसके हृदय में भगवान विष्णु का ध्यान और मुख में उनके नाम विराजमान हैं, उन्हीं को लाभ होता है, उन्हीं की विजय होती है, उनकी पराजय कैसे हो सकती है ?

**(क्रमशः)**




**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556


प्रेरक प्रसंग

## बापू ने बताया दान और व्यापार का महत्व

एक दिन एक व्यक्ति महात्मा गांधी के पास आकर अपना दुःख सुनाने लगा। उसने गांधी जी से कहा कि बापू, यह दुनिया बड़ी बेईमान है। आप तो यह अच्छी तरह से जानते हैं कि मैंने पचास हजार रुपए दान देकर धर्मशाला बनवाई थी। पर अब उन लोगों ने मुझे ही उसकी प्रबंध समिति से हटा दिया है। धर्मशाला नहीं थी तो कोई नहीं था, पर अब उस पर अधिकार जताने वाले पचासों लोग खड़े हैं । उस व्यक्ति की बात सुनकर बापू थोड़ा मुस्कुराए और फिर बोले, भाई तुम्हें यह निराशा इसलिए हुई कि तुम दान का सही अर्थ नहीं समझ सके। वास्तव में किसी चीज को देकर कुछ प्राप्त करने की आकांक्षा दान नहीं हैं। यह तो व्यापार है । तुमने धर्मशाला के लिए दान तो किया, लेकिन फिर तुम व्यापारी की तरह उससे प्रतिदिन लाभ की उम्मीद करने लगे। वह व्यक्ति चुपचाप बिना कुछ बोले वहां से चलता बना। उसे अब दान और व्यापार का अंतर समझ में आ चुका था ।

### धर्म से बढ़कर कुछ नहीं

गांधीजी के पुत्र मणिलाल एक बार बचपन में बहुत बीमार हो गए। डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद कहा, बच्चे को मीट का शोरबा देना पड़ेगा। बापू शाकाहारी थे । इसीलिए उन्होंने डॉक्टर से निवेदन किया कि वह बच्चे को शोरबे के बदले कोई और भोजन बताएं। डॉक्टर ने इस पर झुंझलाते हुए कहा- बापू, आपके बच्चे की हालत बहुत खराब है। इस परिस्थिति में बच्चे के साथ आपको ऐसी सख्ती नहीं करनी चाहिए। गांधी जी ने डॉक्टर को उत्तर दिया, डॉक्टर होने के नाते अपने मणिलाल के लिए जो पथ्य बताता है यह सही है। लेकिन मेरी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। अगर मणिलाल वयस्क होतो तो इसे आपकी इच्छानुसार करने की आज्ञा देता । पर इसके अबोध होने के कारण इसके बारे में मुझे ही विचार करना है। ऐसे समय में धर्म की परीक्षा होती है । मनुष्य को मांस नहीं खाना चाहिए। धर्म की मर्यादा ऐसे ही समय में मांस खाने से रोकती है। अतः मणिलाल को मैं शोरबा नहीं दूंगा। उसकी सिर्फ जल चिकित्सा करूंगा । और गांधीजी की जल चिकित्सा से मणिलाल कुछ दिनों से ही स्वस्थ हो गए।


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



. आप तब तक यह नहीं समझ पाते कि आपके लिए कौन महत्वपूर्ण है, जब तक आप उन्हें वास्तव में खो नहीं देते। - महात्मा गाँधी

दो बजे दोपहर 5
मुंबई , बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

# जांघों को मजबूत बनाएगा डोंकी किक एक्सरसाइज



डोंकी किक एक्सरसाइज एक प्रभावी व्यायाम है जो विशेष रूप से नितंबों और जांघों की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करती है। यह एक सरल और प्रभावी व्यायाम है जिसे किसी भी फिटनेस स्तर पर किया जा सकता है। इसके नियमित अभ्यास से न केवल शरीर के निचले हिस्से की मजबूती बढ़ती है, बल्कि यह कोर मांसपेशियों को भी टोन करता है। इस लेख में, हम डोंकी किक एक्सरसाइज के लाभ, सही विधि और कुछ सावधानियों पर चर्चा करेंगे।

## डोंकी किक एक्सरसाइज के लाभ

**नितंबों की मजबूती:** यह एक्सरसाइज नितंबों की मांसपेशियों को लक्षित करती है, जिससे उन्हें टोन और मजबूत करने में मदद मिलती है।

**जांघों की मजबूती:** डोंकी किक से जांघों की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं, जिससे आपके पैरों की ताकत बढ़ती है।

कोर मजबूती
इस व्यायाम के दौरान आपका कोर सक्रिय रहता है, जिससे एब्स और पीठ की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

**लो-बैक सपोर्ट :** यह एक्सरसाइज पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाती है, जिससे लो-बैक दर्द में राहत मिल सकती है।

**फैट बर्निंग:** नियमित रूप से डोंकी किक करने से शरीर में फैट बर्न करने में मदद मिलती है, खासकर नितंब और जांघ के आसपास।

## डोंकी किक एक्सरसाइज करने के तरीके

**शुरुआत :** अपने हाथों और घुटनों के बल फर्श पर बैठें। हाथ कंधे की चौड़ाई पर और घुटने हिप्स के नीचे होना चाहिए।

**किक करना:** अब अपने एक पैर को सीधा पीछे की ओर उठाएँ, ध्यान रखें कि आपकी जांघ और पैर एक सीध में रहें। पैर को जितना ऊंचा उठाएं, उतना ही बेहतर परिणाम मिलेगा।

**वापस लाना:** पैर को धीरे-धीरे प्रारंभिक स्थिति में लाएं और दूसरे पैर से वही प्रक्रिया दोहरायें।

**स्ट्रेचिंग:** 10-15 प्रतिनिधियों (reps) के 2-3 सेट करें, और प्रत्येक पैर से समान संख्या में करें।

## सावधानियां

**फ्लैट सतह:** सुनिश्चित करें कि आप एक सपाट और साफ सतह पर व्यायाम कर रहे हैं ताकि चोट का खतरा कम हो।

**वार्म-अप करें:** व्यायाम शुरू करने से पहले हल्का वार्म-अप करें ताकि मांसपेशियां तैयार रहें।

**दर्द का ध्यान:** यदि किसी भी प्रकार का असहज दर्द महसूस हो, तो व्यायाम को तुरंत रोकें और आवश्यकतानुसार चिकित्सक से सलाह लें।

# गम बॉइल का लक्षण और सही इलाज

गम बॉइल (मसूड़े की फुंसी) एक दर्दनाक स्थिति होती है जो मसूड़ों में संक्रमण के कारण होती है। यह फुंसी मसूड़ों में सूजन, दर्द और पस बनने का कारण बनती है। आमतौर पर, यह दांत या मसूड़े के आसपास बैक्टीरियल इंफेक्शन की वजह से होती है। अगर समय पर इसका इलाज नहीं किया जाए, तो यह समस्या गंभीर हो सकती है। इसके लिए कुछ प्राकृतिक उपचार और दवाइयां मददगार साबित हो सकती हैं। आइए जानते हैं गम बॉइल के लक्षण, कारण, और इसके घरेलू उपचारों के बारे में विस्तार से।



### गम बॉइल के कारण:

- खराब ओरल हाइजीन
- कैविटी या दांत में सड़न
- मसूड़ों में चोट या कट
- कमजोर इम्यून सिस्टम
- दांतों में संक्रमण (पेरिओडोंटल डिजीज)

### गम बॉइल के लक्षण:

- **सूजन**– मसूड़ों में सूजन आना एक आम लक्षण है।
- **दर्द**– गम बॉइल के कारण मसूड़ों में हल्का से लेकर तेज़ दर्द हो सकता है।
- **पस आना**– फुंसी में पस भर जाता है, जिससे मसूड़े में दबाव महसूस होता है।
- **मुंह में खराब स्वाद** – फुंसी फटने पर मुंह में खराब स्वाद और बदबू आ सकती है।
- **दांतों में संवेदनशीलता** – ठंडा-गर्म खाने या पीने से दांतों में संवेदनशीलता बढ़ जाती है।
- **बुखार** – गंभीर संक्रमण में बुखार और शरीर में कमजोरी भी हो सकती है।

### प्राकृतिक उपचार

- **नमक और पानी का गरारा**– एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर गरारे करें। यह सूजन कम करने और बैक्टीरिया मारने में मदद करता है।
- **लौंग का तेल** – लौंग के तेल को कॉटन पर लगाकर संक्रमित हिस्से पर लगाने से दर्द और सूजन में राहत मिलती है।
- **हल्दी का पेस्ट**– हल्दी में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। हल्दी पाउडर में पानी मिलाकर पेस्ट बनाएं और इसे मसूड़ों पर लगाएं।
- **लहसुन**– लहसुन का टुकड़ा चबाने या इसका रस लगाने से संक्रमण को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।
- **टी ट्री ऑयल**– इसमें एंटीसेप्टिक गुण होते हैं। इसे पानी में मिलाकर कुल्ला करने से लाभ होता है।

### गम बॉइल के लिए दवाइयां

- **एंटीबायोटिक्स**– बैक्टीरियल संक्रमण को दूर करने के लिए डॉक्टर एंटीबायोटिक्स लिख सकते हैं।
- **पेनकिलर्स**– दर्द को कम करने के लिए इबुप्रोफेन या पेरासिटामोल जैसी दर्द निवारक दवाएं दी जा सकती हैं।
- **एंटीसेप्टिक माउथवॉश** – संक्रमण को कम करने के लिए एंटीसेप्टिक माउथवॉश का उपयोग करना फायदेमंद होता है।
- **डेंटल ट्रीटमेंट** – अगर स्थिति गंभीर हो तो दांतों की सफाई, रूट कैनाल, या फुंसी से पस निकालने जैसी डेंटल प्रक्रियाएं करनी पड़ सकती हैं।

### जरूरी नोट:

यदि गम बॉइल की समस्या लंबे समय तक बनी रहे, पस बढ़ जाए, या दर्द असहनीय हो, तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें। सही निदान और उचित उपचार के लिए डेंटिस्ट से सलाह लेना बेहद जरूरी है, क्योंकि समय पर इलाज न मिलने से यह संक्रमण फैल सकता है और गंभीर दाँत संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

# कोलेस्ट्रॉल कम करने के गजब तरीके

कोलेस्ट्रॉल एक प्रकार का वसा है जो शरीर के लिए आवश्यक होता है, लेकिन इसका अत्यधिक स्तर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। उच्च कोलेस्ट्रॉल के कारण हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, कुछ प्राकृतिक उपाय और आहार परिवर्तन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में, हम 9 प्राकृतिक उपायों पर चर्चा करेंगे जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक हैं।





### ओट्स:

ओट्स में बीटा-ग्लूकन नामक फाइबर होता है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करता है। सुबह के नाश्ते में ओट्स का सेवन करने से यह लाभ मिलता है।

### अखरोट:

अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करते हैं। रोजाना कुछ अखरोट का सेवन करें।

### फली और बीन्स:

फली और बीन्स फाइबर से भरपूर होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करते हैं। इन्हें सलाद या सूप में शामिल करें।

### जौ:

जौ भी एक अच्छा स्रोत है जो बीटा-ग्लूकन प्रदान करता है। यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होता है। इसे विभिन्न व्यंजनों में शामिल किया जा सकता है।तिल:

### तिल

में सिसामोलिन नामक यौगिक होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसे सलाद या चटनी में मिलाकर सेवन करें।

### जैतून का तेल:

जैतून के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इसका उपयोग सलाद या पकवानों में करें।

### फलों और सब्जियों का सेवन:

सेब, संतरा, और जामुन जैसे फल फाइबर से भरपूर होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। हरी सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकोली, और गाजर भी लाभकारी होते हैं।

### हरी चाय:

हरी चाय में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। नियमित रूप से हरी चाय का सेवन करें।

### अदरक:

अदरक में एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है। अदरक को चाय या सलाद में शामिल करें।

# इलायची: छोटा पैकेट, बड़े फायदे!



इलायची, जो आकार में भले ही छोटी हो, पर इसके फायदे बड़े होते हैं। चाहे आपकी थकान मिटानी हो, या पाचन को दुरुस्त करना हो, इलायची हर मर्ज़ का इलाज है। सदियों से यह मसाला न केवल स्वाद और खुशबू बढ़ाने में, बल्कि सेहत सुधारने में भी चमत्कारी साबित हुआ है। पाचन, त्वचा, दिल और दिमाग – इलायची हर चीज़ के लिए फायदेमंद है। चलिए, जानते हैं इस छोटे से मसाले के 10 बड़े लाभ, जो आपको हैरान कर देंगे!

## इलायची के 10 फायदे

### 1. पाचन में सुधार

इलायची का सेवन अपच, गैस और पेट फूलने जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है।

### 2. मुंह की दुर्गंध दूर करे

इलायची चबाने से मुँह की बदबू से छुटकारा मिलता है और मुँह को ताजगी मिलती है।

### 3. हृदय स्वास्थ्य में सुधार

इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स रक्तचाप को नियंत्रित रखने में सहायक होते हैं, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

### 4. श्वसन तंत्र के लिए फायदेमंद

इलायची खांसी और सर्दी में राहत प्रदान करती है और फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाती है।

### 5. डिटॉक्स का काम करे

इलायची शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालकर डिटॉक्सिफिकेशन में मदद करती है।

### 6. मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा

इलायची मेटाबॉलिज्म को तेज करती है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

### 7. मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

इसका सेवन तनाव और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे मूड बेहतर होता है।

### 8. प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाए

इलायची में पाए जाने वाले गुण शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं।

### 9. रक्त शर्करा नियंत्रित करे

इलायची का सेवन रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में सहायक हो सकता है।

### 10. त्वचा के लिए लाभकारी

इलायची का सेवन त्वचा में निखार लाने और त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन




आज आपकी आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा।




आज व्यवसाय ठीक चलेगा, कुछ धनलाभ होगा। विवाद न करें। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।




प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।




व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख।




धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा।




प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी।




आज प्रसन्नता बनी रहेगी। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा।




व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा।




धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा।




आज अचनाक धनागम के अवसर बढ़ेंगे। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। मातृ पक्ष की सेहत को लेकर परेशानी होगी। परिवार में दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें।





कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे।




शुभ समाचार की आशा बंधेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

# तुलसी पूजन के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

- तुलसी के पौधे पर लोग चुनरी व लाल कपड़ा चढ़ाने के बाद उसे बदलना भूल जाते हैं, जो कि गलत है। लोगों को तुलसी के वस्त्रों को भी उचित समय पर बदलते रहना चाहिए।
- तुलसी के पौधे को सूर्यास्त के बाद नहीं छूना चाहिए, इससे दोष लगता है।
- एकादशी के दिन तुलसी को भूलकर भी नहीं तोड़ना चाहिए।
- तुलसी दल को तोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि पहले उन्हें प्रणाम करें फिर भाव के साथ आराम से उन्हें तोड़ें।



- तुलसी दल को कभी भी नाखून से खींचकर नहीं तोड़ना चाहिए।
- रविवार के दिन तुलसी में जल और दीपक नहीं जलाना चाहिए।
- तुलसी के समक्ष दीपक जलाते समय दीपक को चावल का आसन जरूर देना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### एक परिवार के तीन लोगों ने किया सुसाइड

**बीकानेर।** जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ही परिवार के तीन लोगों ने सुसाइड कर लिया। वहीं, एक सदस्य की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि इन चारों ने जहर खाने के बाद हाथ की नस काट ली थी। घटना स्थल पर एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कर्ज से परेशान होने की बात लिखी है। जानकारी के अनुसार, कॉलोनी में रहने वाले राहुल मारू, उनकी पत्नी रुचि मारू और सात साल की बेटी आराध्या मारू की मौत हो गई। सूचना पर आईजी ओम प्रकाश पासवान और एसपी कावेंद्र सिंह सागर मौके पर पहुंचे। एक सदस्य को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जबकि तीनों के शव मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं।

### पुलिस ने एक साथ चोरी के 190 मोबाइल को जब्त किए

बीकानेर। पुलिस ने बाइक चोरी के बाद अब मोबाइल चोरों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने एक साथ चोरी के 190 मोबाइल को जब्त किया है। मोबाइल की कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीईआईआर पोर्टल पर मिली शिकायतों के निस्तारण के लिए ₹ऑपरेशन एंटी वायरस₹ अभियान चलाया जा रहा है। बीकानेर पुलिस ने 190 मोबाइल जब्त कर उनके मालिकों को वापस लौटाने का सिलसिला शुरू कर दिया है। इन मोबाइल की कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इसमें कुछ आईफोन है तो कुछ अन्य बड़ी कंपनियों के महंगे मोबाइल है। चोरी और लूटे गए मोबाइल से मालिक की सिम निकाल कर, उसमें दूसरी सिम लगा दी गई थी।

### रिश्वत लेकर आचरण व पासपोर्ट बनवा रही थी महिला सिपाही

**गया।** मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक-आइजी क्षत्रनील सिंह ने अतरी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर डॉ नरेंद्र कुमार को रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया है। वहीं, एसएसपी आशीष भारती ने बोधगया थाना में सीसीटीएनएस में कार्यरत महिला सिपाही 2428 पूनम कुमारी को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है। यह जानकारी मंगलवार को एसएसपी ने दी है। एसएसपी ने बताया कि गया पुलिस को एक इ-मेल पर शिकायत मिली कि बोधगया थाने के सीसीटीएनएस में कार्यरत महिला सिपाही 2428 पूनम कुमारी रिश्वत लेकर आचरण व पासपोर्ट बनाती हैं। उक्त आरोप की जांच के लिए बोधगया डीएसपी सौरभ जायसवाल को जिम्मेदारी दी गयी।

## शर्मनाक:...और आप कहते हैं आप इंसान हैं


# 2500 रुपए की किस्त न दे पाने पर मजदूर ने दी जान

- घर के अंदर था शव और बाहर कर्ज वसूलने वाली की भीड़
- ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर पांच सौ रुपए दिए, तब गए समूह के लोग

**एजेंसी | कानपुर**

कानपुर में सूदखोरों और एक निजी बैंक के समूह का ऋण चुकता न कर पाने से परेशान एक मजदूर ने सोमवार को फंदा लगाकर जान दे दी। घर के अंदर शव रखा था और बाहर कर्ज वसूलने वालों की भीड़ लगी थी। ग्रामीणों के जानकारी देने के बाद भी कर्ज वसूलने वाले समूह के लोग नहीं माने तो ग्रामीणों के चंदा एकत्र पांच सौ रुपये दिए। तब वे लोग वहां से गए।

### निजी बैंक से 1.30 लाख रुपए ऋण



महाराजपुर के सिकठिया पुरवा गांव निवासी सब्दीख (45) मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी रन्नो, छह बेटे और दो बेटियां हैं। रन्नो ने बताया कि पति सब्दीख ने गांव में कई सूदखोरों से दो लाख रुपये और एक निजी बैंक के समूह से 1.30 लाख रुपये ऋण ले रखा था। प्रत्येक सोमवार को समूह के लोग ऋण की किस्त 2500 रुपये वसूलने घर आते थे। सोमवार को समूह के लोग ऋण की किस्त लेने आए, लेकिन किस्त का पैसा चुकाने के लिए सब्दीख पैसों का जुगाड़ नहीं कर पाए थे। इसकी वजह से सोमवार तड़के सब्दीख ने घर का कामकाज निपटाया। इसके बाद कमरे में जाकर कुंडी के सहारे नायलॉन की रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर महाराजपुर थाना पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।
महाराजपुर थाना प्रभारी का कहना है कि सब्दीख के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने कई लोगों से कर्ज ले रखा था, जिसे चुका न पाने की वजह से परेशान था। इसी के चलते सब्दीख के खुदकुशी करने की बात प्रारंभिक जांच में सामने आई है। मामले की विस्तार से जांच की जा रही है।

### पिता का शव फंदे से लटकता देख चीखा छोटा बेटा

सब्दीख का छह साल का छोटा बेटा सलमान सोमवार की सुबह सोकर उठा और भूख लगने पर खाने के लिए भीतर कमरे में गया। वहां पिता का शव फंदे पर लटकता देख चीख पड़ा। उसने मां रन्नो और फिर परिवार के अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी, तो घर में कोहराम मच गया। सब्दीख के छह बेटों में शरीफ चेन्नई में आइस्क्रीम बेचता है। नफीस भोपाल में मसाला फैक्टरी में काम करता है। तीसरा बेटा शाहरुख भी चेन्नई में काम करने के लिए गया था। वहां डेंगू होने पर वह करीब एक महीने पहले घर लौट आया था। उससे छोटा रफीक गांव के ग्राम प्रधान के घर में काम करता है। बाकी के दो बेटे मुस्तफा और सलमान की उम्र काफी कम है। जबकि, दो बेटियों में एक की शादी हो चुकी है।

## विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

### आय से अधिक संपत्ति के मामलों में पांच अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी | लखनऊ**



आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस की टीम ने यूपी जल निगम की इकाई सी एंड डी एस (कंस्ट्रक्शन एंड डिज़ाइन सर्विसेज) के अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की है। विजिलेंस की टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। विजिलेंस की टीम पांच अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ पहुंची। इस मुद्दे पर अब तक 11 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। विजिलेंस की टीम ने सहायक अभियंता व प्रोजेक्ट मैनेजर राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियंता (मु0) सत्यवीर सिंह चौहान, अधीक्षण अभियंता अजय रस्तोगी, परियोजना प्रबंधक व सहायक अभियंता कमल कुमार खरबन्दा और सहायक अभियंता व प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल के ठिकानों पर छापे मारे।

### आदमखोर लेपर्ड को गोली मारने के आदेश, देर रात घर में घुसकर महिला को मारा

**एजेंसी | उदयपु**



गोगुंदा थाना इलाके में एक और महिला लेपर्ड का शिकार हो गई। मंगलवार सुबह हुए इस हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की गर्दन को जबड़े में दबाकर भागते लेपर्ड को ग्रामीणों ने शोर मचाकर भगाया। कुछ दूरी पर ही एक पुजारी को भी लेपर्ड ने मार डाला था। इस हमले के बाद गोगुंदा दौरे पर आए मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि आदमखोर लेपर्ड को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

#### 12 दिन में हुए आठ लोगों की मौत

बीते 12 दिन में हुए अलग-अलग हमलों में आठ लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग ने इस दौरान पिंजरे लगाकर चार लेपर्ड को पकड़ा भी है, लेकिन हमले रुक नहीं रहे हैं। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-27 को जाम करने की कोशिश की, एसपी योगेश गोयल की समझाइश के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ, हालांकि अभी ग्रामीण महिला का शव उठाने नहीं दे रहे हैं। वहीं, वन मंत्री संजय शर्मा ने दावा किया है कि आर्मी के सहयोग से आज शाम तक लेपर्ड को मार दिया जाएगा।

### पुलिस की सख्ती से नवादा में अपराधियों पर शिकंजा

**एजेंसी | झांसी**

नवादा। बिहार के नवादा जिले में पिछले सात दिनों में बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 389 फरार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। नवादा SP अभिनव धीमान ने जानकारी दी कि यह अभियान 23 से 29 सितम्बर तक चला और सभी थाना क्षेत्रों में इसे अंजाम दिया गया। हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला, दुष्कर्म और मद्य निषेध संबंधी मामलों में बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने इन आरोपितों से 4622 लीटर महुआ शराब और 41.09 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की।

### मां ने ढाई साल की मासूम बच्ची की गला काटकर की हत्या

**एजेंसी | झांसी**

झांसी के बबीना में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मां ने अपनी ढाई साल की मासूम बच्ची की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस ने मां को हिरासत में ले लिया और उसे पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। ग्वालियर में उसका इलाज चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, बबीना थाना इलाके के न्यू पंप हाउस निवासी रश्मि यादव पूरे परिवार के साथ रहती है। मंगलवार दोपहर करीब 11:30 बजे उसने अपनी ढाई साल की बिटिया परी की गला रेत कर हत्या कर दी। खून



से सना चाकू लेकर कमरे से बाहर निकलने पर वहां अफरा तफरी मच गई। सूचना पुलिस को दी गई। बबीना थाना प्रभारी सुशील द्विवेदी भी सूचना मिलते ही फोर्स के साथ पहुंच गए। उन्होंने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया। उसके पति अजय यादव की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बीएचयू में सामूहिक दुष्कर्म का विरोध करने वाले छात्रों को किया गया सस्पेंड

- 11 माह बाद हुई कार्रवाई

**एजेंसी | लखनऊ**

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का विरोध और पीड़िता के लिए न्याय मांगने वाले छात्र- छात्राओं को बीएचयू प्रशासन द्वारा निलंबित कर दिया गया गया है। प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई घटना के 11 महीने बाद की गई है। छात्रों ने कहा कि जब तीन में से दो आरोपी जेल से बाहर हैं, तब ये कार्यवाही की गई। छात्रों ने कहा कि यह कार्रवाई उन छात्रों के खिलाफ की गई है, जो मौजूदा सरकार की नीतियों से असहमति रखते हैं। कैंपस में हमेशा समाज या अन्य जरूरी सवालों पर मुखर रहे हैं।



#### हॉस्टल, लाइब्रेरी की सुविधा भी छिनी

विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को 15-30 दिनों के लिए ही निलंबित किया है। इस दौरान इन छात्रों को हॉस्टल, लाइब्रेरी और एचआरए की सुविधा से भी बेदखल कर दिया गया है। इसके अलावा इस समय में प्रदर्शनकारी छात्रों की कॉउंसलिंग करने और उनसे कम्युनिटी सर्विस कराने का आदेश दिया गया है।

#### ये था मामला

पिछले साल 1 नवंबर की रात आइआइटी बीएचयू कैंपस में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। सिंह द्वार पर इस मामले का विरोध करने वाले दो संगठनों एबीवीपी और भगत सिंह छात्र मोर्चा के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इसके बाद कई छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया गया। अब 11 महीने बाद उनमें से कई छात्रों को बीएचयू ने सस्पेंड किया है।

### गंडक में प्रलयकारी बाढ़ से 7.50 हजार हेक्टेयर फसल प्रभावित

**एजेंसी | बगहा**

नेपाल की तराई क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश से गंडक बराज से लगभग 6 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से गंडक नदी में प्रलय कारी बाढ़ के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बगहा अनुमंडल के सातों प्रखंडों में करीब 7.50 हजार हेक्टेयर में लगी धान की फसल बाढ़ के



कारण प्रभावित हुई हैं । हालांकि अभी भी सैकड़ो एकड़ फसलों में जल जमाव की स्थिति बनी हुई है जिससे क्षति का सही आकलन नहीं हो पाया है। जल जमाव हटाने के बाद फसल क्षति का सही आकलन हो पाएगा। बगहा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि बिगत दिनों आई प्रलयंकारी बाढ़ के कारण धान,मक्का,गन्ना एवं साग सब्जी आदि फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक नुकसान धान व गन्ने की फसलों को हुई हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से प्रारंभिक तौर पर फसल क्षति का को अनुमान लगाया गया है ।

## व्यापार जगत

# एफसीआई 561 भंडारण केन्द्रों पर आधुनिक वीडियो निगरानी प्रणाली करेगा स्थापित

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने अपने 561 भंडारण केन्द्रों (डिपो) में लगभग 23,750 कैमरे लगाने की योजना बनाई है। सरकारी स्वामित्व वाली एफसीआई ने यह योजना खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की 100 दिन की उपलब्धियों के तौर पर बनाई है, जिसके तहत वह भंडारण केन्द्रों में आधुनिक आईपी-आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली को अपग्रेड कर रहा है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि इस नए आईपी-आधारित प्रणाली के कार्यान्वयन से उच्च रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग, बेहतर स्केलेबिलिटी और रिमोट एक्सेस माध्यम से निगरानी करने की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ये नए निगरानी सिस्टम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे ऑनबोर्ड एनालिटिक्स सुविधाओं जैसे कैमरा टेम्परिंग, कैमरा फील्ड ऑफ व्यू चेंज, कैमरा ब्लर या आउट ऑफ फोकस, मोशन डिटेक्शन और ट्रिप वायर आदि को सपोर्ट करेंगे।

### एफसीआई ने विभिन्न डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए



मंत्रालय के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में एफसीआई ने विभिन्न डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, ताकि उनकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। भारतीय खाद्य निगम ने वित्त वर्ष 2013-14 में 61 डिपो में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी संख्या वित्त वर्ष 2014-15 में बढ़कर 67 हो गई। यह 2018 तक एफसीआई के कुल 446 डिपो तक विस्तारित हो गई। फिलहाल एफसीआई की 516 डिपो सीसीटीवी की निगरानी में हैं। इन कैमरों का लाइव वेब फीड भारतीय खाद्य निगम की वेबसाइट पर "अपना डिपो देखें" टैब में उपलब्ध है।

# सेंसेक्स 33 अंक गिरकर 84,266 के स्तर पर बंद

**एजेंसी | मुंबई**

महीने के पहले कारोबारी दिन 1 अक्टूबर को सेंसेक्स 33 अंक की गिरावट के साथ 84,266 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 15 अंक की गिरावट रही, ये 25,796 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में गिरावट और 21 में तेजी रही। NSE के ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 0.67% की गिरावट रही।

### एशियाई बाजार में बढ़त रही



रिलायंस, HDFC बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया। जबकि, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ICICI बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.93% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 2.43% की तेजी रही। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 8.06% की बढ़त रही। 30 सितंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.04% चढ़कर 42,330 पर और नैस्डैक 0.38% चढ़कर 18,189 पर बंद हुआ। S&P 500 भी 0.42% बढ़कर 5,762 पर बंद हुआ।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस-एआईएक्स कनेक्ट का विलय पूरा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय विमानन क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित करते हुए एयर इंडिया समूह ने मंगलवार को किफायती विमानन सेवा कंपनी एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय पूरा कर लिया। विलय के बाद बनने वाली कंपनी के बेड़े में अगले साल मार्च के अंत तक विमानों की संख्या 100 को पार कर जाने की उम्मीद है। यह विलय एक वर्ष से भी कम समय में पूरा हो जाएगा और यह इकाई 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' नाम और एयरलाइन कोड 'आईएक्स' के तहत काम करेगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय देश में भविष्य में विमानन कंपनी के समेकन के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने विलय के पूरा होने को एयर इंडिया समूह के कायाकल्प में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया।

#### टाटा समूह का हिस्सा हैं ये विमानन कंपनियां




ये विमानन कंपनियां टाटा समूह का हिस्सा हैं, जो अगले महीने विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय भी करेगा। विलय की गई इकाई का बेड़ा चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक 100 विमान से अधिक हो जाने की उम्मीद है जो फिलहाल 88 विमान का है। एयर इंडिया समूह ने कहा, 2022 की शुरुआत में टाटा समूह द्वारा एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के बाद से एआईएक्स द्वारा संचालित मार्गों की संख्या 74 से बढ़कर 171 हो गई है और यात्री परिवहन में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। विलय की प्रक्रिया में दोनों किफायती विमानन कंपनियों के परिचालन में तालमेल बैठाना, विमानों का स्थानांतरण, परिचालन, सुरक्षा और रखरखाव मंजूरी शामिल थी।

### विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार आठ महीने के निचले स्तर पर

**एजेंसी | नई दिल्ली**




नई दिल्ली। कारखाना उत्पादन, बिक्री तथा नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि से भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में आठ महीने के निचले स्तर पर आ गईं। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 56.5 रहा, जो अगस्त में 57.5 था। एचएसबीसी ने कहा, गर्मियों के मौसम में बहुत मजबूत वृद्धि के बाद सितंबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी हो गई। उत्पादन तथा नए ऑर्डर की धीमी गति और निर्यात मांग वृद्धि में मंदी विशेष रूप से स्पष्ट रही क्योंकि नए निर्यात ऑर्डर पीएमआई मार्च 2023 के बाद से सबसे कम रहे। पीएमआई के सितंबर के आंकड़ों के अनुसार, समूचे भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में मामूली गिरावट आई है। कारखाना उत्पादन और बिक्री में वृद्धि की दर में लगातार तीसरे महीने कमी आई है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर डेढ़ साल में सबसे धीमी गति से बढ़े हैं। मूल्य के मोर्चे पर, कच्चे माल की लागत और विक्रय शुल्क में मध्यम वृद्धि हुई। बढ़ती क्रय कीमतों, साथ ही अधिक श्रम लागत तथा अनुकूल मांग स्थितियों के परिणामस्वरूप भारतीय विनिर्माताओं ने सितंबर में अपने शुल्कों में मामूली वृद्धि की।

### विशाल मेगा मार्ट और हुंडई मोटर समेत 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी की मंजूरी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

नई दिल्ली। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने हुंडई मोटर इंडिया समय पांच कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए हरी झंडी दे दी है। इन कंपनियों में फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी, विशाल मेगा मार्ट, एक्मे सोलर होल्डिंग्स और ममता मशीनरी के नाम भी शामिल हैं। सेबी से मिली जानकारी के मुताबिक हुंडई मोटर इंडिया और स्विगी को मार्केट रेगुलेटर ने 24 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर इशू किया है, जबकि विशाल मेगा मार्ट को 25 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर जारी हुआ है। इसी तरह ममता मशीनरी




और एक्मे सोलर होल्डिंग्स को 27 सितंबर को ऑब्जरवेशन लेटर दिया गया है। ऑब्जरवेशन लेटर इशू होने के बाद कंपनी को अगले 1 साल की अवधि में अपना आईपीओ लॉन्च करने की अनुमति मिल जाती है। हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ का निवेशकों को लंबे समय से इंतजार हैं। देश की इस दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी का आईपीओ अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। कंपनी ने 14 जून को सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर जमा कराया था। इस आईपीओ के तहत 14.21 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री सिर्फ ऑफर फॉर सेल ऑफ (ओएफएस) के जरिए की जाएगी। बताया जा रहा है कि कंपनी का लगभग 3 अरब डॉलर का ये आईपीओ इसी महीने लॉन्च हो सकता है।

## कानपुर टेस्ट

## भारत को मिली करिश्माई जीत, 2 दिन में मैच पलटा

# भारत ने टी-20 स्टाइल में जीता कानपुर टेस्ट

### बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर सीरीज 2-0 से जीती

### घर में लगातार 18वीं सीरीज पर कब्जा

### यशस्वी, बुमराह, अश्विन, जडेजा चमके




### नंबर गेम

- भारत ने होम ग्राउंड पर लगातार 18वीं सीरीज जीती है। टीम को आखिरी हार 2012 में मिली थी।
- टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम रखा है। दोनों के बीच 15 मैच हो चुके हैं।

**एजेंसी । कानपुर**

कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर अपनी 18वीं सीरीज जीत दर्ज की। बारिश के कारण दो दिन का खेल बर्बाद होने के बावजूद भारतीय टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया, जिसमें रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। भारतीय गेंदबाजों की फिरकी में उलझी बांग्लादेश की टीम ने घुटने टेक दिए। इस जीत के साथ भारत ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति और मजबूत की।

### गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन

भारत के तेज और स्पिन गेंदबाजों ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया। रविचंद्रन अश्विन ने सबसे पहले मोमिनुल हक को आउट किया, जिसके बाद रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी को संभलने का मौका नहीं दिया।

### बांग्लादेश के बल्लेबाज मैदान में संघर्ष करते नजर आए

बांग्लादेश की ओर से शादमान इस्लाम और मुशफिकुर रहीम ने कुछ संघर्ष किया। शादमान ने 50 रन बनाए, जबकि मुशफिकुर रहीम ने 37 रनों की पारी खेली। लेकिन बाकी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने जडेजा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर विकेट गंवाया, जिससे टीम का मिडिल ऑर्डर पूरी तरह टूट गया।

### जायसवाल का शानदार अर्धशतक

भारत को जीत के लिए 95 रन बनाने थे, जिसे टीम ने 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 51 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 29 रन बनाए। (Player of the match) यशस्वी जायसवाल को उनकी बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बांग्लादेश के गेंदबाजों के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जल्दी ही जीत हासिल कर ली।

## कानपुर टेस्ट के टॉप रिकॉर्ड्स...

### भारत की घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत

बांग्लादेश पर सीरीज जीत के साथ भारत ने अपने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत ली। भारत 2012 में आखिरी बार इंग्लैंड से 4 टेस्ट की सीरीज 2-1 से हारा था। 2013 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराया और तब से लगातार 18 सीरीज पर कब्जा किया। बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने 8वीं टेस्ट सीरीज जीती। भारत ने ओवरऑल बांग्लादेश को 13वां टेस्ट हराया, दोनों के बीच 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। बांग्लादेश एक भी टेस्ट मैच भारत से नहीं जीत सका।

### 11वीं बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड

रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में 114 रन बनाए और 11 विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। यह अश्विन का 39 सीरीज में 11वां प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड रहा। उन्होंने श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन की बराबरी की।

### सबसे ज्यादा टेस्ट जीत में चौथे नंबर पर भारत

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत के साथ सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने के मामले में चौथा स्थान हासिल कर लिया। टीम ने साउथ अफ्रीका को पीछे छोड़ा, जिसके नाम 179 जीत है। भारत के नाम अब 180 टेस्ट जीत हो चुकी हैं। भारत से आगे अब केवल 3 ही टीमें बची हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया के नाम 414, इंग्लैंड के नाम 397 और वेस्टइंडीज के नाम 183 जीत हैं।

### सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाए

भारत ने अपनी पहली पारी में बैटिंग करने के साथ ही तेजी दिखाना शुरू कर दिया था। टीम ने 3 ओवर में 50 और 10.1 ओवर में 100 रन भी पूरे कर लिए। यह टेस्ट के 147 साल के इतिहास में सबसे तेज टीम फिफ्टी और सेंचुरी रही। इतना ही नहीं, भारत ने सबसे तेज 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

महिला टी20 रैंकिंग

## ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम ने किया सुधार



**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम की आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बड़ा सुधार हुआ है। वेयरहैम ने हाल ही में घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के अंतिम मैच में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर सभी तीन रैंकिंग श्रेणियों में बड़ी बढ़त हासिल की है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से पहले यह उनकी बड़ी उपलब्धि है।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिस्बेन में कीवी टीम के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था। उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था और उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर 26 रन बनाए थे।

## जर्मनी के खिलाफ सीरीज की तैयारी करेंगे 40 खिलाड़ी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने विश्व चैंपियन जर्मनी के खिलाफ इस महीने के आखिर में यहां होने वाली दो मैचों की सीरीज की तैयारी के लिए बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। शिविर एक से 19 अक्तूबर तक चलेगा।

### दो मुकाबले होंगे

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्तूबर को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दो मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखा। शिविर में खिलाड़ियों के कौशल को निखारने और मैचों के दौरान की रणनीति बनाने पर सारा फोकस होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलना बेहतरीन मौका है जिसमें हम अपनी क्षमता दिखा सकते हैं। संभावित खिलाड़ियों में शामिल हर एक के पास विभिन्न स्तर पर अनुभव है और हम टीम के रूप में अच्छे प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।

## मुंबई के मैदानों से

### दो दिवसीय क्रिकेट ट्रॉयल स्पर्धा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

ड्रीम 11 वेंगसरकर क्रिकेट अकादमी द्वारा बॉयज अंडर-14 वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु दो दिवसीय ट्रॉयल स्पर्धा आयोजित की गई है। चर्चगेट स्थित ओवल मैदान पर आठ और नौ अक्टूबर को ट्रॉयल स्पर्धा होगी, जिसमें 01/09/2010 के बाद तथा 01/09/2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इस विषय में और अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9892600155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ठाणे और पुणे चैंपियन




**दोपहर संवाददाता । मुंबई**


गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब पर संपन्न हुई योनेक्स सनरॉईज नंदू नाटेकर मेमोरिअल राज्य सीनियर अंतर जिला (टीम) और राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में ठाणे और पुणे की टीमों ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के फाइनल में ठाणे की ओर से प्रथमेश कुलकर्णी ने पुणे के यश शाह को 21-9, 21-15 से, दीप रांभिया और प्रतीक रानाडे की जोड़ी ने आर्यन शेट्टी और यश शाह की जोड़ी को 21-11, 21-17 से तथा यश सुर्यवंशी ने सुवीर प्रधान को 21-19, 21-17 से पराजित किया। पुणे और ठाणे की टीमों के बीच महिलाओं का फाइनल खेला गया, जिसमें पुणे की साद धर्माधिकारी ने सिया सिंह को 21-23, 21-18, 22-16 से तथा श्रुति मुंदड़ा और तनिष्का देशपांडे की जोड़ी ने अक्षया वारंग और अनघा करंदीकर को 21-8, 13-21, 21-18 से पराजित किया।

## OTT रिलीज को तैयार 'GOAT'

अभिनेता थलापति विजय की फिल्म 'GOAT' यानी 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 420 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'GOAT' अपनी OTT रिलीज को तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे OTT पर देख सकते हैं।

### हिंदी में भी देख पाएंगे

'GOAT' का प्रीमियर OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। इस फिल्म को आप 3 अक्टूबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम के अलावा हिंदी भाषा में भी उपलब्ध होगी। नेटफ्लिक्स इंडिया साउथ ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'क्या आपने कभी शेर को G.O.A.T बनते देखा है?' इस फिल्म का निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है और यह विजय और वेंकट के बीच पहला सहयोग है।



## 'बंदा सिंह चौधरी' का ट्रेलर रिलीज

अभिनेता अरशद वारसी जल्द ही फिल्म 'बंदा सिंह चौधरी' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म का दर्शक इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। इसके साथ निर्माताओं ने 'बंदा सिंह चौधरी' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन से भरपूर है। इस फिल्म में रोमांस का तड़का भी लगाया गया है।

### 25 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगी फिल्म

'बंदा सिंह चौधरी' 25 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक सक्सेना ने संभाली है, वहीं अरबाज खान इसके निर्माता हैं। फिल्म में अरशद के साथ महर विज भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ट्रेलर में अरशद और महर के प्यार को पर्दे पर खूबसूरती से दिखाया गया है। हालांकि, उनका यह प्यार सांप्रदायिक हिंसा की बली चढ़ जाता है। फिल्म में अरशद जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे।



## सुपरस्टार रजनीकांत की तबीयत स्टेबल



'साउथ के भगवान' कहे जाने वाले रजनीकांत को बीते दिन यानी 30 सितंबर को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें गंभीर पेट दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया। जनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत ने अभिनेता के स्वास्थ्य की जानकारी दी है।

### प्रशंसकों ने की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

रजनीकांत की पत्नी लता ने सुपरस्टार के स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'सब ठीक है।' इस खबर के बाद रजनीकांत के प्रशंसकों ने राहत की सांस ली है। एक यूजर ने लिखा, 'जल्दी ठीक हो जाओ थलाइवा।' एक अन्य ने लिखा, 'रजनीकांत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उनकी ताकत उन्हें इस मुश्किल समय से भी बाहर निकालेगी। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।'


### फिल्म 'वेट्टैयन' को लेकर चर्चा में हैं रजनीकांत

काम के मोर्चे पर बात करें तो रजनीकांत को पिछली बार फिल्म 'जेलर' में देखा गया था, जिसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। अब रजनीकांत फिल्म 'वेट्टैयन' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।




## सामने आया 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीजन का नया टीजर

कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' की अपार सफलता के बाद से ही दर्शक पिछले लंबे समय से इसके दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा। इस सीरीज का प्रीमियर 26 दिसंबर, 2024 से OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। अब निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 2' की नया दमदार टीजर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक वेब सीरीज देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं। 'स्क्विड गेम' पैसे की तंगी से जूझ रहे व्यक्तियों की कहानी है, जो बच्चों के खेल में बड़ी रकम जीतने के मौके के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन हारने वालों के लिए मौत ही एकमात्र विकल्प है।



## वरुण तेजा की 'मटका' को मिली रिलीज तारीख

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता वरुण तेज पिछले लंबे समय से अपनी आने वाली फिल्म 'मटका' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी जानी-मानी अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अब 'मटका' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। इसके साथ फिल्म का नया पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें वरुण का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है।

### 14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

'मटका' 14 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म की शूटिंग आखिरी चरण में है। यह वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है, जो करुणा कुमार के निर्देशन में बन रही है। 'मटका' में मीनाक्षी चौधरी भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जो तमिल और तेलुगु के अलावा हिंदी में भी रिलीज होगी।

इंडिया एंड वर्ल्ड



सुख बाहर से मिलने की चीज नहीं, मगर अहंकार छोड़े बगैर इसकी प्राप्ति भी होने वाली नहीं। अन्य से पृथक रखने का प्रयास करें।

- महात्मा गांधी



न्यूज़ ब्रीफ

## भारत के भगौड़े जाकिर नाइक को पाकिस्तान में शाही दावत

**इस्लामाबाद।** भारत का भगौड़ा जाकिर नाइक और उसका बेटा फारिक महीनेभर तक पाकिस्तान में रहेगा। बताया जा रहा है कि दोनों यहां पर कथित तौर पर इस्लामिक उपदेश देंगे। सोमवार को पाकिस्तान पहुंचे जाकिर का सरकारी तौर पर रेड कारपेट वेकलम हुआ। इतना ही नहीं उसके लिए शाही दावत का भी इंतजाम किया गया है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग और भड़काऊ भाषण के आरोप लगने के बाद जाकिर भारत से भाग निकला था और लंबे वक्त से मलेशिया में शरण लिए हुए हैं।

## भागलपुर में बम धमाके में 7 बच्चे झुलसे

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में मंगलवार की दोपहर 2 बजे के करीब शाहजंगी मैदान में बम ब्लास्ट हुआ है, जिसमें वहां खेल रहे 7 बच्चे झुलस गए। खेल के दौरान हुए ब्लास्ट में 3 बच्चे ज्यादा झुलसे हैं, बाकी चार की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सभी घायलों बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने तीन बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है।

## याचिका दायर, कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक को हिरासत में लेने का मामला कोर्ट पहुंच गया है। इसको लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर इसे चुनौती दी गई है। दरअसल वह लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे। मामले में तीन अक्तूबर को सुनवाई होगी। हाजी मुस्तफा द्वारा अधिवक्ता विक्रम हेगड़े के माध्यम से याचिका दायर की गई है। इसमें कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से जुड़े व्यक्तियों की रिहाई की भी मांग की गई है, जिन्हें सिंघू सीमा पर हिरासत में लिया गया है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मामले की तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका पर पीठ तीन अक्तूबर को सुनवाई के लिए सहमत हो गई है। याचिका में निषेधाज्ञा को रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। सोनम वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें लद्दाख के लगभग 120 अन्य लोगों के साथ 30 सितंबर की रात को हिरासत में लिया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में एक अतिरिक्त याचिका भी दायर की गई है। इसमें याचिकाकर्ता और अन्य को शांतिपूर्वक दिल्ली में प्रवेश करने और पर्यावरण जागरूकता मार्च आयोजित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है।

## दमन, दीव में सहकारी समिति नियम लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में सहकारी समितियों के पंजीकरण और प्रबंधन के लिए नियम लागू किए हैं। केंद्रीय विधि मंत्रालय में विधायी विभाग ने राष्ट्रपति की ओर से दादरा और नगर हवेली तथा दमन तथा दीव सहकारी समिति नियम, 2024 लागू किया। इन नियमों में महाराष्ट्र सहकारी समिति अधिनियम, 1960 को निष्प्रभावी करने का प्रावधान है जो पूर्ववर्ती केंद्र शासित प्रदेश दमन तथा दीव पर लागू था।

# कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार है, ये दामादों की पार्टी : पीएम

सत्ता संग्राम





एजेंसी | पलवल

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी ने मंगलवार को पलवल में चुनावी रैली की। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है। पीएम मोदी ने इस रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा, चुना के समय कांग्रेस एमएसपी को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। लेकिन कांग्रेस की सरकार यहां सिर्फ 3-4 फसलों पर एमएसपी देती थी। आज भाजपा सरकार 24 फसलों की खरीद में एमएसपी दे रही है। पिछले 8 सीजन में एमएसपी के रूप में यहां के लाखों किसानों को 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में मिली है।

### कांग्रेस दलालों और दामादों की पार्टी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलेत हुए कहा कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है। ये दलालों और दामादों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस के राज में यहां जमीन की दलाली करने वाले मालामाल हो गए। जबकि किसान को सिर्फ 2 रुपए का मुआवजा मिला।

### कांग्रेस ने सबको उलझाए रखा

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश के लिए जरूरी हर विषय को उलझाकर रखा। अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में संविधान पूरी तरह से लागू नहीं होने दिया। उसने हमारी बहनों को संसद और विधानसभा में आरक्षण से वंचित रखा। उसने हमारी मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की समस्या में उलझाए रखा। कांग्रेस ने देश की, देशवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया बल्कि अपने परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे।

**कांग्रेस ना काम करेगी ना करने देगी :** पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा ने हमें सिखाया है कि काम करो, मेहनत से करो। कांग्रेस का फॉर्मूला है- ना काम करो और ना दूसरों को काम करने दो। कांग्रेस की राजनीति केवल झूठे वादों तक सीमित रहती है, जबकि भाजपा की राजनीति मेहनत और परिणामों पर टिकी है।

### नोटबंदी और जीएसटी का जिक्र किया

कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां आते समय एक व्यक्ति ने मुझे रोका। उसने मुझे बताया कि वह एक छोटा सा व्यवसाय चलाता है। उसने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। राहुल ने कहा, जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि नोटबंदी लागू की गई और गलत जीएसटी लागू किया गया।

## केंद्र सरकार संविधान पर हमला कर रही: राहुल गांधी

### जनसभा के दौरान केंद्र पर कुछ अरबपतियों के लिए काम करने के आरोप लगाए

एजेंसी | चंडीगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर संविधान पर हमला करने तथा गरीबों और दलितों की अनदेखी करते हुए देश के कुछ अरबपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले छोटे और मध्यम व्यवसाय हरियाणा में रोजगार पैदा करते थे, लेकिन अब ये बंद हो गए हैं। राहुल गांधी पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल कुछ बड़े उद्योगपतियों के हितों की सेवा करने के लिए काम कर रही है तथा गरीबों, दलितों, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही।



**रोजगार के रास्ते बंद किए:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, हर कोई जानता है कि केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार दो-तीन अरबपतियों की मदद करने के लिए चल रही है। लोगों के पास रोजगार के जो भी रास्ते थे, वे बंद कर दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अग्निवीर योजना सैनिकों की पेंशन, कैंटीन की सुविधा और उन्हें मिलने वाले शहीद के दर्जे को खत्म करने का एक तरीका है।

### संघ पर निशाना साधा


कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब आरएसएस देश की संस्थाओं में अपने लोगों को रखता है और दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों को कोई जगह नहीं देता है तो वे संविधान पर हमला कर रहे हैं। वे संविधान को नष्ट करना चाहते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर नहीं बनेगा गैस चैंबर

### पराली को जलाने से रोकने के लिए उड़नदस्ते तैनात

एजेंसी | नई दिल्ली

पंजाब और हरियाणा में पराली को जलाने से रोकने के लिए पिछले सालों की तरह फिर बड़े-बड़े दावे व उपाय किए जाने लगे है। यह बात अलग है कि इसके बाद भी पिछले साल पंजाब और हरियाणा में पराली खूब जली थी।



### फ्लाइंग स्क्वाड की तैनाती

दोनों राज्यों में पराली जलने के करीब 40 हजार मामले रिपोर्ट हुए थे। बावजूद इसके केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पराली को जलाने से रोकने के लिए इस बार फिर पंजाब और हरियाणा के 26 जिलों में उड़नदस्ते (फ्लाइंग स्क्वाड) की तैनाती दी है। इसमें राज्य और संबंधित जिलों के अधिकारी शामिल होंगे।

### 30 नवंबर तक रहेंगे एक्टिव

दोनों राज्यों के यह सभी ऐसे जिले है जहां पिछले साल सर्वाधिक पराली जलाने की घटनाएं रिपोर्ट हुई है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक पंजाब-हरियाणा में तैनात किए गए इन दस्तों ने तत्काल प्रभाव से काम शुरू कर दिया है। जो इन सभी जिलों में 30 नवंबर तक काम करेगा।

## गजब की ठगी : फर्जी सुप्रीम कोर्ट में कर दी सुनवाई

### सीजेआई बनकर नामी उद्योगपति को लगाई 7 करोड़ रुपए की चपत

एजेंसी | नई दिल्ली

ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ठग नए-नए पैंतरे आजमाकर कई बड़ी हस्तियों को भी अब अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसी ही एक मामला हाल ही में सामने आया, जिसमें ठगों ने एक बड़े नामी कपड़ा उद्योगपति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनकर ही ठगी कर ली।





### मनी लॉन्ड्रिंग केस के नाम पर ठगे 7 करोड़

रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, धोखेबाजों ने ओसवाल से 7 करोड़ रुपए ठग लिए, उन्हें कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक फर्जी अदालती कार्यवाही में शामिल होने के लिए कहा और उन्हें एक खाते में धन जमा करने का 'निर्देश' दिया।

### सुप्रीम कोर्ट में फर्जी सुनवाई

दरअसल, दिग्गज उद्योगपति और वर्धमान समूह के चेयरमैन एसपी ओसवाल ने साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। ओसवाल ने खुलासा किया कि अपराधियों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नाम से एक व्यक्ति की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट में फर्जी सुनवाई आयोजित की।

### SC के निगरानी खाते के नाम पर पैसे जमा करवाए

ओसवाल ने पंजाब पुलिस को इस मामले में शिकायत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि ठगों ने अदालत की सुनवाई के संबंध में स्काइप कॉल की और कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार उन्हें अपने सभी फंड एक गुप्त निगरानी खाते में जमा करने होंगे।

## एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने संभाली भारतीय वायु सेना की कमान

एजेंसी | नई दिल्ली

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सोमवार को नए वायु सेना प्रमुख के रूप में कमान संभाल ली है। उन्हें 5,000 घंटे से अधिक के उड़ान का अनुभव है। उन्होंने एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी से पदभार ग्रहण किया, जो प्रमुख के रूप में तीन साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए। 27 अक्टूबर 1964 को जन्मे एयर चीफ मार्शल सिंह को दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना के फाइटर पायलट स्ट्रीम में नियुक्त किया गया था। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी पारी में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। एयर चीफ मार्शल सिंह ने ऑपरेशनल फाइटर स्क्वाड्रन और फ्रंटलाइन एयर बेस की कमान संभाली है।

### तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था

एक परीक्षण पायलट के रूप में उन्होंने मॉस्को में मिग-29 अपग्रेड परियोजना प्रबंधन टीम का नेतृत्व किया। वह राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक भी रहे और उन्हें तेजस के उड़ान परीक्षण का काम सौंपा गया था। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ वायु कर्मचारी अधिकारी की महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया।



### परम विशिष्ट सेवा पदक से हैं सम्मानित

पिछले साल फरवरी में वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार संभालने से पहले वह मध्य वायु कमान के एयर आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सिंह परम विशिष्ट सेवा पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित हो चुके हैं। सिंह को एक फिटनेस उत्साही के रूप में जाना जाता है, जो स्क्वैश भी खेलते हैं।

## गाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत

एजेंसी | नई दिल्ली

पैसे लेकर नौकरी देने से जुड़े मामले में बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईडी से जवाब तलब किया। जस्टिस सूर्यकांत एवं जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह निर्देश दिया।

### ईडी ने किया था गिरफ्तार

जुलाई, 2022 में ईडी ने पार्थ को पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) अध्यापक भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पूर्व में पार्थ के एक सहयोगी के घर से 21 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद की थी। इसी केस में ईडी द्वारा 21 जनवरी को गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता की विशेष अदालत को उनकी जमानत याचिका पर जल्द फैसला करने का आदेश दिया है।

### एजेंसी को नोटिस जारी, सुनवाई टली

घोष की याचिका पर शीर्ष अदालत ने जांच एजेंसी को नोटिस भी जारी किया और मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए टाल दी। तृणमूल कांग्रेस नेता ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि इस तथ्य के बावजूद नए जज उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे कि पूर्ववर्ती जज ने उनकी याचिका पर काफी हद तक सुनवाई कर ली थी।

असफलता | टारगेट छूटा तो नड्डा ने बड़े-बड़ों की ली क्लास

## 140 करोड़ के देश में 1 करोड़ नए सदस्य नहीं बना पाई भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर देशभर से एक करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य से पिछड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर को नई दिल्ली में सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी और लक्ष्य रखा गया था कि 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 1 करोड़ नए लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी मेंबरशिप रीन्यू करवाई थी। तब हर राज्य के लिए एक टारगेट तय किया गया और देशभर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोर-शोर से सदस्यता अभियान शुरू कर दिया। लेकिन कोई भी बड़ा प्रदेश अपने लिए तय लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाया है।



### राष्ट्रीय स्तर के लक्ष्य से चूकी भाजपा

भाजपा सूत्रों ने बताया कि 25 सितंबर तक पार्टी केवल 83 लाख नए सदस्य ही बना पाई, जो कि उसके लक्ष्य से 17 लाख कम है। 25 सितंबर को सदस्यता अभियान के पहले चरण का आखिरी दिन था। सूत्रों ने बताया कि राजस्थान और बिहार लक्ष्य पूरा करने के मामले में सबसे फिसड्डी साबित हुए हैं। दोनों ही प्रदेशों में भाजपा सरकार में है। राजस्थान में पार्टी ने पिछले साल दिसंबर में कांग्रेस को हराकर 115 सीटें जीती थीं। वहां पार्टी 55 लाख के लक्ष्य के मुकाबले केवल 26 लाख नए सदस्य ही जोड़ पाई है। इधर, बिहार में भाजपा और नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के गठबंधन की सरकार है। वहां भी बीजेपी सदस्यसता अभियान के लक्ष्य से काफी पीछे रही है। बिहार भाजपा को 65 लाख नए सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया था, लेकिन वो केवल 32 लाख सदस्य ही जोड़ पाई।

### बड़े राज्य चूके, तीन छोटे राज्यों ने पार किया लक्ष्य

आंकड़ों के लिहाज से उत्तर प्रदेश सदस्यता अभियान में सबसे ऊपर है, लेकिन टारगेट पूरा करने के लिहाज से त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने बारी मारी है। अपने-अपने लक्ष्य को पार करने वाले ये ही तीन राज्य हैं। बाकी राज्यों के पिछड़ने और कुछ राज्यों के लक्ष्य से बहुत दूर रहने से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो नड्डा ने पटना में आयोजित एक बैठक में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल और प्रदेश सरकार में उप-मुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा की फटकार लगाई है। सम्राट चौधरी बीजेपी बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं। जुलाई में उन्हीं की जगह दिलीप जयसवाल को बिहार बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया।

### नाराज नड्डा ने खूब लगाई फटकार

पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पटना में एक बंद कमरे में बैठक की। सूत्र बताते हैं कि उन्होंने बिहार भाजपा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ पार्टी विधायकों और एमएलसी को भी फटकार लगाई है। इसी तरह, राजस्थान में की बैठक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने ली।

## कनाडा में भारतीय मूल के पत्रकार पर हमला





एजेंसी | ओटावा

कैलगरी में दो अज्ञात हमलावरों द्वारा एक इंडो-कैनेडियन पत्रकार पर अटैक किया गया है। रेड FM कैलगरी के न्यूज डायरेक्टर ऋषि नागर पर हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि हमलावर ऱ्प्रो-खालिस्तानऱ समर्थक थे जो उनके चैनल पर एक रिपोर्ट से नाराज थे। यह हमला रविवार को अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में हुआ।

### खालिस्तानियों पर चलाई थी रिपोर्ट

नागर ने कहा कि प्रो-खालिस्तानी लोगों ने मुझ पर हमला किया। यह हमला एक रिपोर्ट के बाद हुआ था, जिसमें कैलगरी के दशमेश कल्चरल सेंटर गुरुद्वारे में हुई एक घटना के बारे में जानकारी दी गई थी। इस घटना में दो इंडो-कैनेडियन लोगों को हथियारों से संबंधित आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। कैलगरी पुलिस के प्रवक्ता ने रेड एफएम को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान गुरसेवक सिंह और सुखप्रीत सिंह के रूप में हुई है। गुरसेवक सिंह पर हथियार दिखाने, बिना अनुमति के हथियार रखने, प्रतिबंधित या सीमित हथियार रखने, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरनाक हथियार रखने, और हथियार अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप लगाए गए हैं।